वर्ष- 22 अंक - 58 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, रविवार 09 अगस्त 2026

# सामने आए खामेनेई

## लोगों के साथ बैठकर बतियाते दिखे ईरानी सुप्रीम लीडर

**तेहरान, ( एजेंसी )।** ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई की सेहत और मौजूदगी को लेकर अटकलें जारी हैं। इस बीच ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी 'मेहर न्यूज' ने उनका एक वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में मोजतबा खामेनेई बिल्कुल ठीक और स्वस्थ नजर आ रहे हैं। वे कुछ लोगों से बतियाते हुए नजर आ रहे हैं। हाल ही में इजरायली मीडिया ने मोजतबा की हालत बहुत नाजुक बताई थी और माना जा रहा है कि ईरानी सरकार ने इन अफवाहों को खारिज करने के लिए ये वीडियो जारी किया है।



## न्यूज ब्रीफ...

### नेपाल में तेज हुई हिंदू राष्ट्र की मांग

**काठमांडू, ( एजेंसी )।** नेपाल को दोबारा वैदिक सनातन हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग तेज हो गई है। भारत की सीमा से लगे नेपाल के कई इलाकों में हिंदू संगठन यह आंदोलन कर रहे हैं।

### प्रधानमंत्री पर अंडे

**रविवार, ( एजेंसी )।** कोसोवो की संसद में विपक्षी सांसद टाइम काद्रिजाज ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री एल्बिन कुर्ती पर अंडे फेंके. इसके बाद संसद की कार्यवाही रोक दी गई. ये घटना तब हुई, जब कुर्ती की पार्टी 7 जून के चुनाव के बाद नई संस्थाओं के गठन को लेकर विपक्षी ग्रुपों के साथ बातचीत कर रही थी

### पाक घुसपैठिया ढेर

**रविवार, ( एजेंसी )।** भारत में फिर आतंक फैलाने के लिए पाकिस्तान आतंकियों की घुसपैठ कराने का प्रयास कर रहा है। भारत-पाक सीमा पर बीएसएफ ने घुसपैठ की कोशिश कर रहे एक संदिग्ध को मार गिराया।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर कारसेवा का शंखनाद आज

**मथुरा, ( एजेंसी )।** मथुरा के राधाकुंड क्षेत्र के जुल्हैंदी स्थित चित्रगुप्त पीठ में आज हवन यज्ञ और शिला पूजन के साथ ही श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर कारसेवा का शंखनाद होगा साधु-संत भी पहुंचना शुरू हो गए हैं। 13 अखाड़ों के साधु-संतों के साथ-साथ विभिन्न हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों को इसके लिए निमंत्रण भेजा गया है। इधर, प्रशासन ने साध्वी ऋतंभरा, कथावाचक देवकीनंदन महाराज, महंत फूलडोल बिहारीदास महाराज समेत 12 साधु-संतों को रेड कार्ड नोटिस जारी कर सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। कार्यक्रम में एक हजार से ज्यादा लोगों के शामिल होने की बात कही जा रही है। मथुरा में कारसेवा के लिए राजस्थान से शिलाएं मंगाई गई हैं। इस बीच कारसेवा के लिए मथुरा पहुंचीं अखिल भारत हिन्दू महासभा की जिलाध्यक्ष मीरा राठौर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

**साध्वी ऋतंभरा समेत 12 साधु-संतों को पुलिस का रेड नोटिस**

## इस्तीफे के 15 दिन बाद धर्मेन्द्र प्रधान ने चुप्पी तोड़ी

**भुवनेश्वर, ( एजेंसी )।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और संबलपुर से सांसद धर्मेंद्र प्रधान ने नीट पेपर लीक मुद्दे पर हुए विरोध प्रदर्शनों के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री पद से अपने इस्तीफे को लेकर चुप्पी तोड़ी। भुवनेश्वर की जीएम यूनिवर्सिटी में छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदर्शन के दौरान जेन-जी को गुमराह करने की कोशिश की गई थी, जिसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर केंद्रीय मंत्रिपरिषद से इस्तीफा देने की पेशकश की थी। उन्होंने कहा कि मैं किसान का बेटा हूं वापस आऊंगा।

# पुल के ऊपर आ गई नदी
# डिंडौरी में 9 घंटे में 6 इंच बारिश



**रविवार ● एजेंसी**

म.प्र. के डिंडौरी में 9 घंटे में 6 इंच बारिश होने से बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए। यहां पुल के ऊपर नदी का पानी आ गया और जबलपुर-मंडला से संपर्क टूट गया। वहीं म.प्र. में बारिश न होने के कारण कई डैम खाली पड़े हैं। फसलें सूख रही हैं। इंदौर-भोपाल सहित ज्यादातर जिलों में औसत से कम बारिश हुई।




## झारखंड में रद्द होगी 14वीं जीपीएससी पीटी परीक्षा?

रविवार। झारखंड की राजधानी रांची में जीपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं को लेकर चल रहे छात्र आंदोलन के बीच राज्य सरकार बड़ा फैसला ले सकती है। सरकार 14वीं जीपीएससी पीटी परीक्षा को रद्द करने पर विचार कर रही है. इसके साथ ही कई अन्य प्रक्रियाधीन परीक्षाओं को लेकर भी बड़ा निर्णय लिए जाने की संभावना है.

# भारछासं ने छात्रों की समस्याओं पर सौंपा ज्ञापन



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष विक्रमसिंह सचान के नेतृत्व में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कुलगुरु को छात्र हितों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से विश्वविद्यालय एवं उससे संबद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत हजारों छात्रों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की गई। एनएसयूआई ने मांग की कि विश्वविद्यालय के छात्रावासों में शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराया जाए तथा मेस व्यवस्था को पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाया जाए। साथ ही परीक्षाओं का आयोजन एवं परीक्षा परिणाम समय-सीमा में घोषित किए जाएं तथा



उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया जाए। महाविद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को शीघ्र भरने, नियमित एवं निष्पक्ष निरीक्षण सुनिश्चित करने तथा शैक्षणिक मानकों का पालन नहीं करने वाले महाविद्यालयों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की भी मांग की। इसके अतिरिक्त डिग्री, माइग्रेशन एवं परीक्षा शुल्क में कमी, विश्वविद्यालय परिसर एवं छात्रावासों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने तथा छात्रों की सुविधा के लिए पूछताछ केंद्र, एमपी आनलाइन एवं फीस काउंटर को एक ही स्थान पर संचालित किए जाने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही। इस अवसर पर विक्रमसिंह सचान, विकास नंदवानान, रजत पटेल, प्रिंस हार्डिया. राजवीर लाखा, शुभमसिंह दरबार, ओम दांगी, मैनी सेंगर, अंकित सिरोनिया, फिरोज़ खान, हिमांशु मलोरिया, आयुष यादव, शिवानी गुज्जर, सेजल पटेल, हिमांशु मलोरिया, अंकित सिरोनिया, राधे मालवी, शुभम ठाकुर, गिरिराज पाटीदार, शशांक चौहान, स्वप्निल ठाकुर, सनी ठाकुर, कुणाल सुनहरे, कपिल सोलंकी मौजूद थे।



# सांसद की मौजूदगी में विकास योजनाओं की समीक्षा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। कलेक्टर सभागृह में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक सांसद शंकर लालवानी की अध्यक्षता में की गई। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। नशा के विरुद्ध अभियान को लेकर भी चर्चा हुई। पीएम श्री स्कूल योजना के अंतर्गत चयनित विद्यालयों में शैक्षणिक सुविधाओं, आवश्यक संसाधनों, अधोसंरचना विकास एवं विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई। रोजगार और कौशल विकास जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, पात्र हितग्राहियों का चयन, योजना के लाभ का वितरण तथा जमीनी स्तर पर योजनाओं के प्रभाव की समीक्षा की गई। सांसद ने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से कहा कि शासन की योजनाओं का उद्देश्य तभी सफल होगा, जब उनका लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े पात्र व्यक्ति तक समय पर पहुंचे। बैठक में अधिकारी और जिला पंचायत अध्यक्ष रीना मालवीय, अधिकारी परीक्षित झाड़े, हिमांशु प्रजापति, आकाश सिंह सहित अन्य मौजूद थे।



# क़ेन्द्रीय मंत्री पहुंचे विश्वनाथ धाम

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। सांवेर रोड स्थित विश्वनाथ धाम पर बाणेश्वरी कावड यात्रा और श्रद्धालु पहुंचे। ट्रस्ट के सुभाष गोयल, मुकेश कचोलिया, पंकज मित्तल एवं धीरेन पटेल ने केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की आगवानी की। केन्द्रीय मंत्री ने कावड यात्रियों के बीच रहकर उन्हें कावड यात्रा के लिए बधाई दी। महामण्डलेश्वर साध्वी हर्षा नंदगिरि भी कावड यात्रियों के साथ पहुंचे थे। सभी कावड यात्रियों और जनप्रतिनिधियों का स्वागत विश्वनाथ धाम ट्रस्ट और पदाधिकारियों द्वारा किया गया। इस दौरान हेमंत गोयल,आयुष कचौलिया, मुन्ना सेठी, विनोद चंदानी, राजेंद्र अगर ने अपनी भूमिका निभाई।

# पार्षद ने कराया माता-पिता की स्मृति में धार्मिक आयोजन

## पार्थिव शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक पूजन में मौजूद रहे श्रद्धालु



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। विधानसभा दो के वार्ड 33 के पार्षद मनोज मिश्रा, मुकेश मिश्रा ने अपने माता-पिता की स्मृति में इस सावन मास में पार्थिव शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक पूजन का आयोजन खजराना गणेश मंदिर के गणेश हॉल में कराया। बडी संख्या में श्रद्धालु, भाजपाई पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक पूजन तथा भोजन प्रसादी में मौजूद रहे। पितरों को श्रद्धांजलि भी अर्पण की गई। मनोज मिश्रा, सम्पदा मिश्रा, मुकेश मिश्रा ने बताया कि मंत्री तुलसी सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, संजय शुक्ला, नंदकिशोर पहाड़िया,जीतू यादव, अशोक खंडेलवाल, योगेश गेंदर, पुष्पेंद्र पाटीदार, राजीव जैन, अनूप शुक्ला, निरंजन सिंह चौहान, अश्विनी शुक्ल, चंदू शिंदे, राजेन्द्र शुक्ला, योगेश मिश्रा, सूरज कैरो, संजीव मिश्रा, सुनीता संतोष चोखण्डे,कालू गगोरे, धर्मेंद्र मौर्य, वीरेंद्र व्यास, चंद्रमोहन दुबे, राजू चौहान, उमाशंकर तरेटिया, गुड्डू कुमाऊं, पृथ्वी गोरे, श्रीकांत दुबे, आदित्य पांडे एवं रोहित चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।



# सोहराब पटेल ने किया कावड़ यात्रियों का स्वागत

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। धार रोड स्थित बांक पंचायत के सरपंच सोहराब पटेल अपने क्षेत्र से निकलने वाली हर कावड यात्रा का स्वागत कर रहे है। कल भी उन्होने बांक पंचायत क्षेत्र में निकली कावड यात्रा के श्रद्धालुओं का स्वागत फूलों से किया।





# विधायक सहित भाजपाइयों ने किया श्रद्धालुओं का स्वागत

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। नर्मदे हर बाटकेश्वर महादेव समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए ओंकारेश्वर दर्शन एवं मां नर्मदा स्नान यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक महेन्द्र हार्डिया, रघु यादव, नंदकिशोर पहाडिया, अनूप शुक्ला, सरिता ठाकुर, रिंकू कृष्णा बाथरी, सतीश देवांग सहित अन्य मौजूद थे।

# संगठन दायित्व के लिए नेमा पहुंचे ग्वालियर

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पूर्व विधायक गोपीकृष्ण नेमा अपने दायित्व वाले ग्वालियर पहुंचे वहां उन्होने भाजपा संगठन के कार्यक्रम और जनसंघ के संस्थापक नारायण कृष्ण शेजवलकर की 103 जन्म जयंती पर नगर निगम में




आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह तोमर, पूर्व मंत्री ध्यानेंद्रसिंह, अनूप मिश्रा एवं वरिष्ठ जन उपस्थित रहे। मासिक जिला बैठक में तिरंगा यात्रा, हर घर तिरंगा, संत रविदास जयंती के कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा कर योजना बनाई। जिलाध्यक्ष रजोरिया भी मौजूद थे।



# गांधी भवन में 9 वार्डों और युवक कांग्रेस की बैठक

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। शहर कांग्रेस ने कल दूसरे दिन भी विधानसभा चार के 9 वार्ड की बैठक उषा नायडू और विधानसभा चार के प्रभारी शैलेष गर्ग की मौजूदगी में आयोजित की गई। वार्ड में हर माह कार्यकारिणी की बैठक हो और रोजाना वार्ड में भ्रमण कर मतदाताओं से मुलाकात की जाए, रोजाना वार्ड में 1 घंटा और एक माह में 20 दिन पदाधिकारियों द्वारा दिए जाएं। वार्ड, विधानसभा और इन्दौर के लोकल मुद्दे उठाए जाएं, केन्द्र और प्रदेश सरकार की विफलता रोजाना जनता को बताई जाए, मतदाताओं से रिश्ते कायम करें।

# भाजपा किसान मोर्चा के नगर और ग्रामीण अध्यक्ष-महामंत्री घोषित

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से इंदौर नगर अध्यक्ष पद पर रजनीश वर्मा और महामंत्री पद पर अभी नियुक्ति नहीं की है। ग्रामीण जिला अध्यक्ष पद पर जितेन्द्र आंजना के साथ दो जिला महामंत्री जितेन्द्र चौहान और सुरेन्द्रसिंह सोलंकी की नियुक्ति की है। आगामी निकाय चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव को देखते हुए यह नियुक्तियां महत्वपूर्ण मानी जा रही है।



# विधायक ठाकुर रही श्रद्धालुओं के बीच मौजूद

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। समग्र क्रांति चेतना मंच द्वारा राष्ट्रभक्ति कावड़ यात्रा शहीदों को नमन, भोले को जल, क्रांतिकारियों के चित्रों के साथ निकाली गई। इस दौरान बाणेश्वर कुण्ड बाणगंगा पर कावड यात्रा उज्जैन रवाना करवाने के लिए विधायक उषा ठाकुर भी मौजूद रही। भगवान के जयकारे गूंजे। जगदीश प्रजापत, पराग कौशल, राजेश चौहान, लाल गुरु दादा, सुनील शेखावत, राजेश जसिया, मनोज केतले विकास, विवेक, अभिषेक कुशवाहा, राजेश पवार, मयंक परमार, बबलू दुबे,सचिन माने, राजू परमार, टेकचंद केतले मौजूद थे ।





# माहेश्वरी समाजजन भोले बाबा के अभिषेक के लिए कावड़ लेकर निकले

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

माहेश्वरी समाज पश्चिमांचल प्रादेशिक सभा और माहेश्वरी कुटुम्ब परिवार द्वारा आयोजित माहेश्वरी समाजजनों के लिए कावड़ यात्रा का आयोजन आज सुबह परस्पर गार्डन स्कीम नं. 71 से किया गया। बड़ी संख्या में माहेश्वरी समाजजन परिवार सहित क़ावड यात्रा में पहुंचे। ज्यादातर पुरुष भगवा परिधानों में तो मातृशक्तियां पीले वस्त्रों में शामिल हुई। बोल बम के जयकारों के साथ यह कावड़ यात्रा शुरू हुई। यह कावड़ यात्रा फूटीकोठी होते हुए रणजीत हनुमान के पास से स्कीम नं. 71 होते हुए शिव मंदिर गुमाश्ता नगर पहुंची, जहां सभी ने पवित्र जल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। शिव मंदिर पर प्रसादी का वितरण भी हुआ। अशोक इनानी, प्रकाश शारदा अजमेरा, अजय झंवर, राजेश मूंगड़, मधुसूदन भलिका, रूपेश भूतड़ा, पुष्प माहेश्वरी, श्रीमोहन सोमानी, मुकेश सारडा, राधेश्याम सारडा, जयकिशन डागा, हरीश विजयवर्गीय, डॉ. चंद्रप्रकाश हेडा, गोपालदास राठी, रजत लड्डा, गोपाल एम. मानधन्या, राजेश मूंदड़ा, महेश राठी गुड्डा, अनिल मंत्री, राम सोमानी, मीना इनानी, पायल लाठी, सुमन सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

# भाजपा नेता जसराज शर्मा को फूल मालाओं से लाद दिया




**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

विधानसभा 5 और ज्योति बा फुले मंडल से जुड़े भाजपा नेता जसराज शर्मा का अवतरण दिवस कल मनाया गया। खजराना मंदिर पहुंचकर वहां बप्पा के दर्शन किए एवं गौशाला, अस्पताल में भोजन वितरण, अन्य जगह पर फल वितरण सहित अन्य कार्यक्रम किए गए हैं। अखिलेश्वर धाम ओखला में परिवार के साथ हनुमान जी के दर्शन किए। बंदरों को केले व चने खिलाए। विद्यार्थियों को कॉपियों का वितरण किया गया। शाम को मूसाखेडी में पालीवाल धर्मशाला में भाजपा कार्यकर्ताओं ने केक कटवाकर आतिशबाजी कर जन्मदिन मनाया। फूल मालाओं से शर्मा को लाद दिया गया। आतिशबाजी कर मिठाई का वितरण भी हुआ। विधायक महेन्द्र हार्डिया, नन्दकिशोर पहाड़िया, राजेश उदावत, दीपक राजोरिया, उमेश मंगरोला, मलखान कटारिया, महेश बसवाल, कैलाश पिपले, निक्की कटारे, चंकी कुमावत, रोशन चौहान, नरेश पुरोहित, टीटू तिवारी, बबलू खा पंवार, दीपक बौरासी, कुलदीप जाट, वीरेंद्र ठाकुर, केदार राजपूत, गंभीर बघेल,बबलू तंवर, विजय ठाकुर, शेर सिंह कटारिया, गुलाबसिंह भदोरिया, लालू ओझा, वीर सिंह चौरसिया, बब्लेश पटेल, अर्जुन ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, कुणाल पटेल, राकेश बघेल सहित अन्य अवतरण दिवस के आयोजन में मौजूद रहे।




# माहेश्वरी हॉस्टल के स्थापना दिवस पर मैराथन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

माहेश्वरी बॉयज हॉस्टल के स्थापना दिवस पर गीता भवन से राजवाड़ा तक मैराथन का आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधियों और माहेश्वरी समाजजनों ने इस दौड़ को प्रारंभ कराने में मौजूदगी के साथ भूमिका निभाई। सांसद शंकर लालवानी, रामअवतार जाजू, भरत सारडा, मुकेश कचोलिया, उमाशंकर बिहानी, अनिल भंडारी, प्रेमप्रकाश जाजू, खिलाड़ी मीररंजन मेगी, भरत माहेश्वरी, पार्थ माहेश्वरी सहित अन्य मौजूद थे। दौड़ के बाद सैकड़ों छात्रों की मौजूदगी में पौधारोपण भी हॉस्टल परिसर में किया गया। आज शाम 6.30 बजे से स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह होगा।

# रेवती रेंज पर संगठन महामंत्री की मौजूदगी में 51 हजार पौधों का रोपण शुरू

## मंत्री विजयवर्गीय सहित कई नेताओं ने भी लगाए पौधे, शहर के सभी क्षेत्रों से पहुंची बसें

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**




रेवती रेंज पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आज 51 हजार पौधों का रोपण किया जा रहा है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष मौजूद रहे। इसके अलावा शहरभर से सामाजिक संस्थाओं से जुडे लोग बसों से रेवतीरेंज पहुंचे। मंत्री विजयवर्गीय ने 21 लाख पौधों का रोपण इस वर्ष शहर में करने का लक्ष्य रखा है, इसी के तहत चिन्हित स्थानों पर हर रविवार को पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आज रेवती रेंज पर 51 हजार पौधों का रोपण हो रहा है। उल्लेखनीय है कि इसी बंजर पहाडी पर दो वर्ष पूर्व 12 लाख 40 हजार पौधे लगाए गए थे। खास बात यह है कि इन पौधों की आज गिनती भी की जा रही है, क्योंकि 12 लाख 40 हजार पौधे एक दिन में लगाकर विश्व रिकार्ड बनाया गया था। आज विश्व रिकार्ड की टीम इन पौधों की रिकाउटिंग कर रहे है। कितने पौधे जीवित है उनकी गिनती होने के बाद नया विश्व रिकार्ड बनेगा। इससे पहले कल शाम को राष्ट्रीय संगठन महामंत्री की विमानतल पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा, प्रदेश संगठन महामंत्री गौरव रणदिवे, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, हरिनारायण यादव ने अगवानी की।



# विधायकों ने जाना पूर्व महापौर का स्वास्थ्य

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पूर्व महापौर कृष्णमुरारी मोघे अस्पताल में इलाजरत है। विधायक रमेश मेंदोला, महेन्द्र हार्डिया ने अस्पताल पहुंचकर मोघे का हाल जाना। उन्होने सम्बंधित चिकित्सकों से भी बात की। इस दौरान जे.पी. मूलचंदानी भी मौजूद थे।

# वार्ड समिति के लोग ही पार्षद प्रत्याशी का चयन करेंगे

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि वार्ड कमेटियां गठित की गई है, अब बूथ कमेटियों के गठन की प्रक्रिया चल रही है और उसके बाद पन्ना पदाधिकारियों का चयन होगा, वार्ड समिति के लोग ही अपने वार्ड के लिए कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी का चयन करेंगे। इस दौरान प्रदेश सहप्रभारी उषा नायडू, चिंटू चौकसे, संजय बाकलीवाल, शैलेष गर्ग, इम्तियाज बेलिम, जतिन थोरात सहित अन्य मौजूद थे।




# जिला भाजपा कार्यालय निर्माण के लिए सांसद का पानी टैंकर

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जिला भाजपा कार्यालय के लिए जमीन ले ली गई और अब निर्माण का काम भी शुरू हो रहा है उसके लिए पानी का टैंकर सांसद निधि से शंकर लालवानी ने उपलब्ध कराया है। टैंकर उपलब्ध कराते समय मोहनसिंह कछावा, रामस्वरूप गहलोत, हेमचंद मित्तल, घनश्याम नारोलिया, शिवनारायण डिंगू, दीपक यादव, लक्ष्मीनारायण रावलिया, सुभाष पाटीदार, चंकी शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रतिशोध की राजनीति बंद करे भाजपा सरकार

## कांग्रेस अन्याय के खिलाफ निर्णायक संघर्ष करेगी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा प्रतिशोध की राजनीति का माहौल बनाया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, उनके परिजनों, सहयोगियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं को झूठे मुकदमों, पुलिस कार्रवाई और प्रशासनिक दबाव के माध्यम से लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। यह लोकतंत्र, संविधान और राजनीतिक मर्यादाओं के विरुद्ध है। विधायक राजेंद्र सिंह, जयवर्धन सिंह, फूलसिंह बरैया, हेमंत कटारे, सतीश सिकरवार, महेश परमार, पंकज उपाध्याय, बाबू जंडेल, दिनेश गुर्जर, साहबसिंह गुर्जर, नितेंद्रसिंह राठौड़, कैलाश कुशवाह, यादवेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि जीतू पटवारी आज भाजपा सरकार के लिए सबसे बड़ी राजनीतिक चुनौती बन चुके हैं, क्योंकि वे लगातार किसानों, युवाओं, महिलाओं और आम जनता के मुद्दों को मजबूती से उठा रहे हैं तथा सरकार की जनविरोधी नीतियों को बेनकाब कर रहे हैं। इसी कारण सत्ता राजनीतिक द्वेष की भावना से उन्हें और उनके परिजनों व सहयोगियों को निशाना बना रही है। विधायकों ने कहा कि 11 अगस्त को भोपाल में आयोजित होने वाली पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में इस पूरे विषय पर विस्तार से चर्चा की जाएगी और आगे की रणनीति तय की जाएगी और जरूरत पडी तो सरकार के अन्याय के खिलाफ कांग्रेस निर्णायक संघर्ष भी करेगी। उक्त जानकारी कांग्रेस मीडिया विभाग के मुकेश नायक ने दी।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

अंग्रेज भारत छोड़ो आंदोलन की पूर्व संध्या पर मध्य प्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तराधिकारी संयुक्त संगठन के तत्वावधान में क्रांति दिवस के उपलक्ष में महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल पर आयोजन रखा गया। कार्यक्रम में डॉ. अर्चना जायसवाल, दिलीप राजपाल, अजयनारायण सीतलानी, विकास जोशी, रजनी सीतलानी,



कनुप्रिया सत्तन, अजीत विश्नार, डॉ. अब्दुल गफ्फार खान, राधा पवार, विजय पुणेकर, जितेंद्र परिहार, जयसिंह ठाकुर, उमाशंकर रायकवार, वीरेंद्र झंझोट, किशन भालसे, विजय कुशवाहा, राधेश्याम गुप्ता, राकेश शास्त्री, ईश्वर जोशी मौजूद थे।



## महावीर चक्र विजेता दिगेंद्र सिंह आएंगे

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट के सत्यनारायण पटेल ने बताया कि महावीर चक्र से सम्मानित दिगेंद्र सिंह ट्रस्ट के आग्रह पर 13 अगस्त को इन्दौर आ रहे है। वे तीन दिनों तक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। 13 अगस्त को मीडिया से चर्चा करेंगे और अपने संस्मरण साझा करेंगे। जिला कोर्ट पदाधिकारियों के सम्मान में 14 अगस्त को दिगेन्द्रसिंह मौजूद रहेंगे। 15 अगस्त को स्कूल में ध्वजारोहण करेंगे। इस दौरान कर्नल सुरेन्द्रसिंह भी मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी विनोद पटेल और मदन परमालिया ने दी।

## सांसद सदानंदन मास्टर का आज व्याख्यान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। संस्था सार्थक से जुड़े पूर्व पार्षद दीपक जैन टीनू ने बताया कि आज शाम 4 बजे से चाय आयोजन और शाम 4.30 बजे से महात्मा गांधी स्मृति महाविद्यालय सभागृह, सुयश हॉस्पिटल के सामने, ए.बी. रोड पर शिक्षाविद् एवं राज्यसभा सांसद सी. सदानंदन मास्टर का प्रेरक व्याख्यान 'संघर्ष से संसद तक - वैचारिक प्रतिबद्धता' विषय पर साझा करेंगे, जीवन के प्रेरक अनुभव और राष्ट्र निर्माण का दृष्टिकोण भी रखेंगे।

## आम आदमी पार्टी की पदयात्रा में व्यापारी और रहवासियों का समर्थन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के व्यापारियों और रहवासियों का साथ लेकर मधुमिलन चौराहा पर एकत्रिकरण किया। सडक चौडीकरण को लेकर दुकान-मकान में तोड़फोड़ और मुख्य मार्ग के बंद होने के विरोध में आरएनटी मार्ग-छावनी क्षेत्र में आप ने पदयात्रा निकाली।




दो माह बाद भी सड़क निर्माण कार्य नहीं हुआ है, मुख्य मार्ग का रास्ता बंद है। आप के पदाधिकारी कमल गुप्ता, अनुराग यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## बारिश के बाद सड़कों का पैच वर्क करने के लिए तैयारी शुरू

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। नगर निगम के द्वारा बारिश के बाद शहर की सड़कों का पैच वर्क करने के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। इस कार्य के लिए नगर निगम के द्वारा पूरे शहर को दो हिस्से में बांटा गया है। इन दोनों हिस्से में एक साथ काम किया जाएगा।

**निगम ने पूरे शहर को दो हिस्से में बांटा, एक साथ चलेगा काम**

इस समय नागरिक इंदौर शहर की गड्ढेदार सड़कों से ज्यादा परेशान है। हालत यह हो गई है कि ऐसी कोई सड़क नहीं बची जहां पर की गड्ढे नहीं हो। यह गड्ढे अब इंदौर के सड़कों की पहचान बन गए हैं। नगर निगम के द्वारा वैसे तो बारिश का मौसम शुरू होने से पहले सड़कों का पैच वर्क कराया गया था। इसके बावजूद बारिश के इस मौसम में नागरिकों को इन सड़कों के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। यह तो एक संयोग है कि इस बार जोरदार बारिश नहीं हुई है। इसके बाद भी लोग सड़कों की स्थिति से परेशान नजर आ रहे हैं।

राज्य सरकार के द्वारा संचालित सीएम हेल्पलाइन और इंदौर नगर निगम के 311 एप पर भी सड़कों की खराब स्थिति की शिकायतों की भरमार है। ऐसे में अपना नगर निगम के द्वारा बारिश के मौसम के बाद सारे शहर की सड़कों का पेज वर्क करने के लिए तैयारी शुरू कर ली गई है। इस कार्य के लिए निगम ने पूरे शहर की सड़कों को दो हिस्से में बनता है। शहर के मध्य क्षेत्र से अलग-अलग हिस्सा करने के बजाय निगम के द्वारा अपने जोनल कार्यालय के स्तर पर यह विभाजन किया गया है। निगम के अधिकारियों ने बताया कि जोनल कार्यालय क्रमांक 1 से 12 तक का पहला हिस्सा रखा गया है। जबकि जोनल कार्यालय क्रमांक 13 से 22 तक का दूसरा हिस्सा रखा गया है। इसमें नगर निगम के द्वारा कराया गया आकलन के अनुसार पहले हिस्से में काम करने पर 40 लाख रुपए खर्च होंगे। जबकि दूसरे हिस्से में काम करने पर 60 लाख रुपए का खर्चा आएगा। नगर निगम के द्वारा अलग-अलग ठेकेदारों को दोनों हिस्से में सड़क का पेच वर्क करने का काम दिया जाएगा। ताकि दोनों हिस्से में काम एक साथ शुरू हो सके और तेज गति के साथ पूरा हो सके। निगम के अधिकारियों का मानना है की बारिश का मौसम के बाद इस काम को शुरू किया जाएगा और दीपावली का त्यौहार आने के पहले इस काम को पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके लिए नगर निगम के द्वारा टेंडर डॉक्युमेंट तैयार करने के साथ ही ठेका देने की प्रक्रिया को भी तेज गति के साथ शुरू कर दिया गया है।



## एमपीपीएससी की परीक्षा आज भी जारी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग (एमपीपीएससी) की राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2025 कल के बाद आज भी सुबह आयोजित की जा रही है। 13 अगस्त तक यह परीक्षा होगी। आज अभ्यर्थी अपने निर्धारित केन्द्रों पर मुख्य परीक्षा देने पहुंचे। चित्र मालव कन्या स्कूल का।

## कल शाम से 24 घंटे में तेज बारिश की संभावना

*आज भी बादल और भगवान सूर्य के बीच चलता रहेगा धूप-छांव का खेल*

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मौसम विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि कल की तरह आज भी बादल बने रहेंगे। बीच-बीच में भगवान सूर्य की किरणें जमीं पर आएंगी, बादल और भगवान सूर्य के बीच लुकाछुपी का खेल प्रकृति के अनुसार चलता रहेगा। कभी कभार बूंदाबांदी भी हो सकती है, एकाध बार तेज हवाएं भी चलेगी। शर्मा के मुताबिक कल सोमवार की शाम से मंगलवार की रात तक तेज पानी गिर सकता है, जो एक से दो इंच तक हो सकता है।

## निगम अधिकारियों को शुक्रवार तक सभी समस्याओं का समाधान करने के निर्देश

**वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से निगम आयुक्त ने ली अधिकारियों की बैठक**

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। **नगर निगम अधिकारियों को शुक्रवार तक सभी लंबी समस्याओं के आवेदन का समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं। यह निर्देश आज सुबह नगर निगम आयुक्त के द्वारा अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंस लेकर दिए गए।**

राज्य सरकार के द्वारा जनता की शिकायतों का समाधान करने के लिए जन विश्वास अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत शिविर लगाकर लोगों से शिकायत लेकर उस शिकायत का समाधान किया जा रहा है। निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा आज निगम के समस्त विभागीय अधिकारियों की वर्चुअल बैठक ली गई। बैठक में समस्त अपर आयुक्त, उपायुक्त, विभाग प्रमुख, जोनल अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे। इस बैठक में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के संबंध में विभागीय अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक ली गई। वीसी के माध्यम से आयुक्त द्वारा समस्त विभाग प्रमुख को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान को दृष्टिगत रखते हुए जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण करे, राजस्व विभाग में नामांतरण के प्रकरण को ऑन लाइन दर्ज करे। अन्य विभागों में प्राप्त आवेदनों को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए। आयुक्त द्वारा समस्त सहायक राजस्व अधिकारी को संपत्तियों में सुधार संबंधित प्रकरणों का नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए गए। इस अभियान अंतर्गत आगामी शुक्रवार के पूर्व सभी शिकायतों के निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

### 2000 शिकायतें लंबित

इस समय इंदौर नगर निगम के पास 2000 से ज्यादा शिकायतें लम्बित पड़ी हुई है। यह शिकायतें नागरिकों के द्वारा नगर निगम के 311 एप पर की गई है। इस शिकायत में नल में पानी नहीं आने, पानी गंदा आने कम समय तक पानी आने, गंदगी फैली होने, अवैध निर्माण होने ड्रेनेज लाइन चोक हो जाने जैसी शिकायतें भी शामिल है। नगर निगम के द्वारा अपनी गति से इन शिकायतों का समाधान किया जा रहा है। आयुक्त के द्वारा शिकायतों का समाधान करने के कार्य को तेज गति के साथ करने और शुक्रवार तक अधिकतम शिकायतों को समाप्त कर देने के लिए निर्देशित किया गया है।

# सावन में भी सूखे हैं बोरिंग, नहीं आया पानी

## पार्षदों ने कम किए टैंकरों को फिर बढ़ाने के लिए निगम आयुक्त के समक्ष रखी मांग

### बारिश की लंबी खींच ने बढ़ाई वापस टैंकरों की डिमांड

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बारिश को लेकर इस वर्ष अजीबोगरीब स्थिति निर्मित हो रही है। इंदौर जिले में अब तक मात्र 15 इंच बारिश हुई है, जबकि वर्षा ऋतु आरंभ हुए लगभग 45 दिन से अधिक बीत चुके हैं, बादलों की बेरुखी जारी है। हर दिन बारिश की संभावनाएं जताई जाती है लेकिन वर्षा नहीं होती। इंदौर में सूखे की स्थिति निर्मित हो रही है। पानी का संकट खत्म होने के बजाय बढ़ने लगा है। शहर के अभी 50% बोरिंग सूखे हुए हैं या फिर बहुत ही कम मात्रा में पानी दे रहे हैं। हर वर्ष बारिश का मौसम जल संकट को खत्म करने वाला होता है लेकिन यह आश्चर्य की बात है कि अगस्त माह में जल संकट बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति में पार्षदों ने नगर निगम आयुक्त के समक्ष पानी के टैंकर बढ़ाने की मांग रख दी है। उनका कहना है कि वार्ड की जनता जल संकट से परेशान होने लगी है और टैंकर की डिमांड लगातार जारी है। ऐसी स्थिति में जो टैंकर बंद किए गए थे उन्हें वापस चालू किया जाए।

कांग्रेसी पार्षद यशस्वी पटेल ने बताया कि मानसून शुरू होने के बाद कुछ समय तक अच्छी बारिश हुई लेकिन बोरिंग रिचार्ज के लिए जितना पानी चाहिए था उतना पानी अभी तक वर्षा नहीं है। लोग बोरिंग में पानी नहीं आने के कारण परेशान हो रहे हैं और बार-बार टैंकरों की डिमांड करने लगे हैं। अगस्त माह के 8 दिन बीत चुके हैं लेकिन पानी के अते-पते नहीं हैं। जल संकट एक बार फिर बढ़ने लगा है और लोगों के फोन जून माह में जिस तरह से आते थे वैसे फिर आने लगे हैं। मानसून और बारिश आने के कुछ दिनों बाद ही नगर निगम द्वारा जो टैंकर गर्मियों में लगाए थे उन्हें वापस ले लिया गया। हमारे वार्ड क्रमांक 20 में 12 पानी के टैंकर चल रहे थे। अधिकांश गरीब बस्ती वाला क्षेत्र है जिसमें गौरी नगर, खातीपुरा, कुलकर्णी भट्टा, भागीरथपुरा का कुछ हिस्सा शामिल है। यह लोग प्राइवेट पानी का टैंकर नहीं खरीद सकते इसी कारण निशुल्क पानी की मांग बढ़ गई है। हमने नगर निगम आयुक्त के समक्ष मांग रखी है कि जो टैंकर बंद किए गए थे उन्हें फिर से चालू किया जाए। हमारे वार्ड में 12 पानी के टैंकर दिए गए थे जैसे ही बारिश का मौसम शुरू हुआ 6 टैंकर बंद कर दिए गए इसके अलावा दो टैंकर और बंद करने की संभावना जताई जा रही है। यदि यही स्थिति रही तो वार्ड की जनता को पानी कैसे सप्लाई करेंगे इस मामले में नगर निगम आयुक्त ने जल्द ही निर्णय लेने का आश्वासन दिया है। वही मामले में नगर निगम जल कार्य समिति प्रभारी अभिषेक बबलू शर्मा ने बताया कि पानी की डिमांड एक बार फिर बढ़ने लगी है। पार्षदों द्वारा टैंकर बढ़ाये जाने की मांग की जा रही है। बारिश का मौसम शुरू होने के बाद सभी वार्ड से टैंकर 50% कम कर लिए गए थे। हमें उम्मीद थी कि लगातार अच्छी बारिश होगी और सूखे बोरिंग भी पर्याप्त पानी देने लगेंगे, लेकिन मात्र 15 इंच की बारिश में बोरिंग जिंदा नहीं हो सके हैं। यही कारण है कि नर्मदा के पानी की डिमांड फिर से की जाने लगी है। इस संबंध में महापौर पुष्यमित्र भार्गव और नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के साथ चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। पर्यावरणविद ओपी जोशी बताते है कि इंदौर में कई सालों बाद यह स्थिति निर्मित हुई है। अगस्त महीने में भी पानी नहीं आ रहा है। लोग सावन के महीने में बाग बगीचे और आम के पेड़ों पर झूले डालते थे लेकिन वह स्थिति अब नहीं रही। सावन के महीने में लगातार 8 से 15 दिनों के बीच झड़ी पानी की लगती थी, घर से निकलना मुश्किल हो जाया करता था अब यह केवल किताब की बातें रह गई है। बारिश स्प्रे की तरह हो रही है। यह प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने का परिणाम हमें भुगतना पड़ रहा है।

## चिकन शॉप के नए लायसेंस बनने की शुरुआत का स्वागत

### *संगठन ने जताई खुशी*

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इन्दौर पोल्ट्री चिकन शाप आनर्स एसोसिएशन अध्यक्ष महफूज कुरैशी ने बताया कि वह लगातार 12 वर्षों से चिकन शॉप दुकान के लायसेंस को लेकर प्रयासरत थे और कई ज्ञापन भी सौंपे गए। कुरैशी ने कहा कि उनके और अन्य पदाधिकारियों के 12 वर्ष प्रयास के बाद अब सफलता मिली है। चिकन शॉप के लिए नए लायसेंस बनाए जाएंगे। कई बार आवेदन पत्र दिए, कई बार चर्चाएं की। अब जब चिकन शॉप की स्वीकृति मिल चुकी है, इस पर निगम से जुड़े जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और सहयोगियों का आभार दिया है।





## कलाई पर बंधने के लिए बाजार में सजी राखियां

### होलसेल बाजारों में राखी की खरीदी ने पकड़ा जोर, रिटेल बाजारों में रौनक शुरू

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। **रंग-बिरंगी राखियों के होलसेल और रिटेल दोनों बाजार सजने लगे है। बाजारों में राखी की रौनक भी अब शुरू हो गई है। हालांकि 15 अगस्त के बाद त्योहार के लिए बाजार गुलजार होने के आसार है।**

भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और स्नेह का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन नजदीक आते ही बाजारों में उत्साह और रौनक बढ़ने लगी है। रक्षाबंधन का पर्व 28 अगस्त को मनाया जाएगा। इसके लिए बाजार सजकर तैयार होने लगे हैं। शहर के प्रमुख बाजारों रानीपुरा,बजाजखाना और मारोठिया में दुकानों पर सजी रंग-बिरंगी और आकर्षक डिजाइन वाली राखियां ग्राहकों का ध्यान अपनी ओर खींच रही हैं। इस बार बाजार में रेशमी धागों, मोतियों, कुंदन, रुद्राक्ष, जरी व स्टोन वर्क से सजी आकर्षक राखियां हैं। वहीं युवाओं की पसंद को देखते हुए ब्रेसलेट स्टाइल और प्रीमियम डिजाइन वाली राखियों की मांग भी बढ़ी है। बच्चों के लिए भी स्पाइडर-मैन और अन्य कार्टून पात्रों वाली राखियों के साथ एलईडी लाइट और म्यूजिकल राखियां दुकानों पर सजी हैं। दुकानदारों के अनुसार महिलाओं के बीच लुंबा राखी और भैया-भाभी की जोड़ी वाली डिजाइनर राखियों का चलन लगातार बढ़ रहा है। राखी विक्रेता गौरव लड्ढा ने बताया कि साधारण राखियां 10 से 30 रुपये तक



जबकि डिजाइनर, स्टोन और ब्रेसलेट स्टाइल की राखियां इस बार 100 से लेकर 450 रुपये तक कीमत में उपलब्ध हैं।फिलहाल तो बहनें दूरदराज बसे भाइयों को भेजने के लिए राखियां खरीद रही हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि पर्व नजदीक आने के साथ बाजारों में खरीदारी की भीड़ बढ़ने से कारोबार भी अच्छा होगा।

#### कस्टमाइज राखियों की मांग बरकरार

इधर राखियों को लेकर बीते कुछ समय से कस्टमाइज राखियों की मांग बढ़ी है। बहनें ऑर्डर देकर अपने भाई के लिए अपने हिसाब से रक्षा सूत्र बनवा रही है। कोई अपने भाई का नाम लिखवा रही है तो किसी ने फोटो तक बनवाया है।

## आज से हर घर तिरंगा अभियान

### *17 अगस्त तक चलेगा 'हर घर स्वच्छता-हर घर कम्पोस्ट' अभियान, सेल्फी और रील भी सोशल मीडिया पर होगी साझा*

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। नगर निगम द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आज से 17 अगस्त तक घर-घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा, साथ में 'हर घर स्वच्छता-हर घर कम्पोस्ट' अभियान भी चलेगा। रहवासियों को स्वच्छता एवं कम्पोस्टिंग का संदेश देने के लिए सेल्फी एवं रील बनाकर सोशल मीडिया पर साझा करें। 15 अगस्त पर गतिविधि भी आयोजित की जाएगी। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक घर में स्वच्छता को अपनाने के साथ-साथ घर से निकलने वाले गीले कचरे के उचित प्रबंधन एवं घरेलू स्तर पर कम्पोस्ट तैयार करने के लिए नागरिकों को प्रेरित करना है। महापौर एवं आयुक्त ने अभियान के अंतर्गत इंदौर के जागरूक नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने घर में स्वच्छता, कचरे के पृथक्करण एवं कम्पोस्टिंग को बढ़ावा देने वाली सेल्फी अथवा रील बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा करें तथा 'स्वच्छ इंदौर' को टैग करें।



## विद्यार्थियों को पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। यातायात पुलिस ने महर्षि विद्या मंदिर, राऊ में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाया और पैरेंट्स एवं विद्यार्थियों को सुरक्षित सफर के लिए पुलिस की अमिता सिंह ने जागरूक किया।

## विद्यार्थियों के साथ माता-पिता भी करा सकते है आधार अपडेट

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। शिक्षा विभाग ने कलेक्टर और कार्यपालन अधिकारी के निर्देश के बाद स्कूल प्राचार्यो को निर्देशित किया है कि वे उन विद्यार्थियों का आधार कार्ड अपडेट करवाए जिनके पहले अपडेट नहीं हुए है। इसके लिए विकासखंड बीआरसीसी शहरी 1 शा मा वि नं. 5 एमबीयू एवं अन्य कार्यों हेतु माता-पिता अपने बच्चों का और अपना भी आधार अपडेट करवा सकते हैं, यह सेंटर परमानेंट है। अपने पूर्व आधार कार्ड या आधार से संबंधित आवश्यक दस्तावेज लेकर प्रातः 10:30 बजे से सायं 5 बजे तक अवश्य जाएं।

## सनद और परिचय पत्र के लिए आनलाइन आवेदन पत्र

### शुल्क भी आनलाइन जमा कराने की व्यवस्था की जाए

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अभिभाषक संघ इन्दौर के 'पूर्व-अध्यक्ष' गोपाल कचोलिया 'अभिभाषक' ने बताया है कि मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद, जबलपुर द्वारा वर्ष 2025 में मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद की सदस्यता हेतु आनलाइन-सदस्यता नामांकन आवेदन-फार्म भरने और नामांकन के लिए आनलाइन शुल्क भरने की सराहनीय व्यवस्था प्रारम्भ की गई है और मध्यप्रदेश शासन द्वारा नवीन अभिभाषकों को प्रदान की जाने वाली 12 हजार रुपए की धनराशि प्राप्त करने के लिए आवेदन फार्म भी आनलाइन भरने की व्यवस्था प्रारम्भ की गई है। जिस तरह से मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद ने नवीन नामांकन आवेदन-फार्म और नवीन नामांकन के लिए निर्धारित-शुल्क आनलाइन जमा करवाने की सराहनीय व्यवस्था प्रारम्भ की है। मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद, जबलपुर द्वारा उसी तरह से परिषद के सदस्य अभिभाषकों के लिए व्यवसाय-स्थल परिवर्तन का शुल्क, नवीन परिचय-पत्र का शुल्क ,सनद निलंबित करवाने का शुल्क,सनद पुनः बहाल करवाने का शुल्क, नामिनी का नाम परिवर्तित करने के लिए निर्धारित शुल्क,अनुभव प्रमाण-पत्र का शुल्क, अनापत्ति प्रमाण-पत्र का शुल्क आदि अन्य शुल्क भी आनलाइन जमा करवाने की व्यवस्था प्रारम्भ की जाती है तो उससे सभी अभिभाषकों को बड़ी राहत मिलेगी। अभिभाषकों के समय और धन की बचत होगी।

# मातृत्व एवं शिशु पोषण संकल्प कार्यक्रम आयोजित

## स्वस्थ माँ, स्वस्थ शिशु, स्वस्थ भविष्य



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** रोटरी क्लब ऑफ इन्दौर अपटाउन के होस्ट क्लब के साथ मिलकर रोटरी क्लब ऑफ इन्दौर रॉयल, इन्दौर आदर्श, इन्दौर नॉर्थ, इन्दौर मेघदूत एवं इन्दौर यूनाइटेड के संयुक्त सहयोग से एम.टी.एच. हॉस्पिटल, इन्दौर में 'मातृत्व एवं शिशु पोषण संकल्प' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती माताओं, प्रसवोत्तर माताओं, पोस्ट-ऑपरेटिव माताओं एवं उनके परिजनों को मातृ स्वास्थ्य, पोषण, स्तनपान एवं नवजात शिशु की देखभाल के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में रोटरी क्लबों की अध्यक्ष रो. डॉ. आराधना सहाय, डॉ. चेतना जोसफ़, विनय गुप्ता, किरण मोदी, इसाबेल स्वामी, डॉ. रितु ग्रोवर सहित 22 लेडी रोटेरियन उपस्थित रहीं। एमटीएच अस्पताल के डीन और चिकित्सकों ने मार्गदर्शन दिया। नर्सिंग कालेज के विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। रोटरी क्लबों द्वारा 100 नवजात शिशु किट, ऊनी स्वेटर सेट, 25 मातृत्व गाउन, 4 जोड़ी चप्पल, 15 किलो दलिया, 15 किलो गुड़, गीजर, म्यूजिक सिस्टम एवं माइक, 3 झूले तथा 10 स्लीपिंग सेट भेंट किए गए।




# बुनकरों का योगदान पर सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर आयुक्त हथकरघा के निर्देशानुसार जिला हथकरघा कार्यालय, इंदौर में गरिमामय कार्यक्रम में बुनकरों का योगदान पर सम्मान आयोजित किया गया। समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने में बुनकरों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अधिकारी राकेश भयड़िया, जयेश सरोदे सहित अन्य मौजूद थे।



# राग यमन की मधुर प्रस्तुतियां

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बिचौली मर्दाना स्थित स्कूल में 'स्वरांजलि' संगीत गायन एवं वादन कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में सुबह 10 बजे शुरू हुए इस संगीत समारोह का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध विरासत से परिचित कराना तथा उनकी अंतर्निहित संगीत प्रतिभा को एक मंच प्रदान करना था। गौतम काले का स्वागत किया गया। विद्यार्थियों ने शास्त्रीय संगीत की बारीकियों का प्रदर्शन करते हुए राग यमन के विभिन्न रूपों को प्रस्तुत किया। बच्चों ने राग यमन का स्वर विस्तार, सरगम गीत, छोटा खयाल, भक्तिरस से ओत-प्रोत भजन और तराने की प्रस्तुतियाँ देकर अपनी उत्कृष्ट संगीत साधना का परिचय दिया।छात्र सूर्यांश साहू ने एकल तबला पर एवं शाश्वत पंवार ने बाँसुरी पर प्रस्तुति दी। प्राचार्य भावना पुजारी, गौतम काले ने उदबोधन दिया।

# विद्यार्थियों ने जाना हथकरघा बुनाई का महत्व

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** राष्ट्रीय हाथकरघा दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने जिला हथकरघा प्रशिक्षण केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण



किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को हाथकरघा बुनाई की संपूर्ण प्रक्रिया, करघे के संचालन तथा वस्त्र निर्माण की विभिन्न तकनीकों की व्यावहारिक जानकारी दी गई। अधिकारी आरएस भयड़िया, दीक्षा पुराणिक, महेश कोरी, देवेन्द्र सांखला सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।

# एनसीसी कैडेट्स ने संभाली यातायात व्यवस्था

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



सड़क सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन और यातायात नियमों के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस हमेशा अभियान चलाए हुए हैं। कल एनसीसी कैडेट्स के साथ विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपायुक्त विक्रमसिंह रघुवंशी, हिन्दूसिंह मुवेल, अरविंद दांगी की मौजूदगी में 9 एमपी बटालियन एनसीसी कैडेट्स व स्टाफ ने शाम 4 बजे से 7 बजे तक शहर के प्रमुख चौराहों पर यातायात पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों, एनसीसी ऑफिसर्स, ट्रैफिक वार्डन्स की उपस्थिति में यातायात संचालन एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता गतिविधियों में यातायात पुलिस का सहयोग किया। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स को यातायात संचालन के संकेत, सावधानियां आदि का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। पश्चात चौराहों पर यातायात संकेतों का पालन करने, रेड लाइट जंप न करने, गलत दिशा में वाहन नही चलाने तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। यातायात पुलिस के साथ एनसीसी की विभिन्न इकाई आगे भी यातायात प्रबंधन और जागरूकता में अपना योगदान देंगी।

# आदिवासी दिवस पर निकली रैली

**मातृशक्तियां और पुरुष पारम्परिक वेशभूषा में हुए शामिल**





## तीर-कमान भी पुरुषों के हाथ में दिखाई दिए

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आज लालबाग परिसर से आदिवासी समाजजनों ने पारम्परिक सांस्कृतिक रैली का आयोजन किया। मातृशक्तियों से लेकर पुरुष तक अपनी पारम्परिक वेशभूषा और संस्कृति के साथ इस रैली में शामिल हुए। आज सुबह से आदिवासी समाजजनों का लालबाग पहुंचना शुरू हो गया था। आदिवासी ढोल की थाप पर नृत्य भी किया जा रहा था। तीर कमान, तलवार हाथ में लेकर समाजजन चल रहे थे, कुछ युवा टंट्या मामा भील की वेशभूषा में भी नजर आए, जो समाज को संदेश देते चल रहे थे। यह रैली लालबाग से निकलकर कलेक्टर, जूनी इंदौर, टॉवर चौराहा से टंट्या मामा भील चौराहा होते हुए भोलाराम उस्ताद मार्ग से राजीव गांधी चौराहा से रिजनल पार्क यह रैली पहुंची। जनसभा का आयोजन किया जा रहा है। रास्ते में पारम्परिक सांस्कृतिक नृत्य भी दिखे। रिजनल पार्क मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी होगी। इस आदिवासी समाजजनों की रैली के लिए यातायात पुलिस ने मार्ग भी परिवर्तन किए थे।



# स्वर्णकार महिलाओं ने मनाया हरियाली महोत्सव

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार मेवाड़ा समाज महिला मंडल का हरियाली महोत्सव महालक्ष्मी मंदिर में आयोजित किया गया। लहरिया ड्रेस थीम पर हुए आयोजन में तम्बोला, गेम, मानसून स्पेशन व्यंजन के अलावा प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। विजेता महिलाओं ज्योति सोनी, सोनू सोनी, रिद्धि सोनी, दिव्या सोनी, सोनिया सोनी को पुरस्कृत किया गया। सुनीत कमल सोनी, हीरामणि सोनी, अंजलि सोनी, रश्मि सोनी, प्रमिला सोनी, शांता सोनी, डॉ. श्वेता गुप्ता, सपना सोनी, शारदा सोनी, संतोष सोनी मौजूद थी।



# ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन में पदाधिकारियों का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** ट्रक आपरेटर एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन में फिर से संजय अरोरा को अध्यक्ष चुना गया, उनका सम्मान भी किया गया। अरोरा श्री पंजाब अरोडवंशीय समाज ट्रस्ट में चार बार अध्यक्ष और जावरा कंपाउंड निवासी संघ के छह बार अध्यक्ष और भाजपा से भी जुड़े हैं। अरोरा का पद पर आने पर फिर सम्मान किया गया।



# फिल्मी गीतों की प्रस्तुति

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सिंदूर ग्रुप से जुड़ी महिलाओं ने होटल में हरियाली महोत्सव के अन्तर्गत हरियाली पर आधारित गीतों की प्रस्तुति का लुत्फ उठाया। मनीषा यादव, रीना पाटिल, श्वेता तिवारी, मन खनूजा, सीमा सोलंकी, हुसैना बुरहानीवाला, मनीषा जौहरी, वंदना मालवीया, जयश्री राजदेव, अनिता दुबे ने भी अपनी भूमिका निभाई।

# ध्यान साधना शिविर में मौजूद रहेंगे स्वामी परमानंद गिरि

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** महामंडलेश्वर युगपुरुष स्वामी परमानंद गिरि महाराज आज शाम सड़क मार्ग से ब्यावरा से इंदौर आएंगे। गिरि के सान्निध्य में खंडवा रोड स्थित अखंड परमधाम आश्रम के सत्संग सभागृह में 10 से 16 अगस्त तक ध्यान-साधना शिविर का आयोजन किया जाएगा। स्वामी परमानंद गिरि के 11 से 15 अगस्त तक सुबह-शाम प्रवचन होंगे। आयोजन से किशनलाल पाहवा, श्यामलाल मक्कड़, विजय शादीजा, रामबाबू अग्रवाल जुडे हुए है। आज शाम आगमन पर संत का स्वागत भी किया जाएगा। शिविर का शुभारम्भ कल शाम 5 बजे होगा। साध्वी चैतन्य सिन्धु के मार्गदर्शन में तैयारियां की जा रही है। गिरि के साथ अन्य संत भी आएंगे।

# महासती ने किये गच्छाधिपति के दर्शन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

श्री सौधर्म बृहत्तपोगच्छीय त्रिस्तुतिक जैन श्वेताम्बर श्रीसंघ द्वारा आयोजित प्रवचन सिद्धरत्न विजयजी म.सा. एवं विजयजी म.सा. ने भगवान महावीर की देशना के माध्यम से दुर्लभ मनुष्य जीवन के सदुपयोग का संदेश दिया। आचार्य देवेश श्री नित्यसेन सूरीश्वरजी म.सा. आदिठाणा 10 एवं साध्वी मंडल के दर्शन हेतु पधारे। सभी संत मंडल की धर्मचर्चा हुई। इस अवसर पर श्री महाप्रज्ञाजी म.सा. ने भजन - स्तवन भी श्रवण करवाए।



महासती कुमुदलता म.सा. ने किये गच्छाधिपति के दर्शन किए। राजेश-प्रिया जैन युवा, नीरज सुराणा, गजेंद्र सकलेचा, महेन्द्र बागवाला, तेजकुमार बम्बोरिया, नरेंद्र रविंद्र मोदी, राकेश जैन, ललित जैन, दिनेश मेहता, रविंद्र बोहरा, सुनील नाहर झमकलाल, ऋषभ भंडारी ने अपनी भूमिका निभाई।



# सिंधी समाजजन हुए भोपाल रवाना

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भोपाल में प्रदेश भारतीय सिंधु सभा और सिंधी मेला समिति द्वारा प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शामिल होने के लिए इंदौर से गुलाब ठाकुर, नरेश फुंदवानी, कमल मटाई, धीरज कुंडल, अनिता मुरझानी सम्मानित होने वाले प्रतिभाशाली बच्चों के साथ भोपाल रवाना हुए।

# 251 दम्पति करेंगे शिव अराधना

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बाबाश्री रिसोर्ट छोटा बांगडदा में 16 अगस्त को दोपहर 3 बजे से शिव अराधना में 251 शिवभक्त दम्पति सर्वार्थ अमृत सिद्धि योग में भगवान शिवाशिव की आराधना और उपासना करेंगे।सभी युगल भगवान शिव को समर्पित महारुद्र पूजन, रुद्राभिषेक एवं शिवार्चन की शास्त्रोक्त प्रक्रिया में शामिल होकर सुख-समृद्धि प्रदाता देवाधिदेव महादेव के पार्थिव पूजन का पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।

# बिजली इंजीनियरों को स्मार्ट मीटर का प्रशिक्षण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** म.प्र. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के इंजीनियरों के लिए क्षमता वृद्धि आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें इन्दौर-उज्जैन सम्भाग के 15 जिलों के इंजीनियर और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। प्रमुख रूप से एसएल करवाडिया, तरुण उपाध्याय ने उदबोधन भी दिया।





# राजेश पाल का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पाल समाज से जुड़े राजेश पाल निवासी भागीरथपुरा का समाज में अच्छे कार्य पर स्थापना दिवस पर सम्मान किया गया। कमलसिंह पाल ने यह पुरस्कार संयुक्त रूप से धन्नालाल पाल, संजय पाल, कैलाश चौधरी, पंकज पाल, रमेश नागदा, दिलीप पाल की मौजूदी में दिया।

# अहमदाबाद के जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ रहेंगे आज मौजूद

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. धीरज मारोठी जैन अहदाबाद द्वारा आज शाम 4 से 7 बजे तक पलासिया स्थित तेरा पंथ भवन, आचार्य तुलसी फिजियोथैरेपी सेंटर पर मप्र वैश्य महासम्मेलन एवं तेरा पन्थ जैन समाज की मेजबानी में आयोजित चिकित्सा शिविर में अपनी सेवाएँ देकर जरूरतमंद लोगों को लाभान्वित करेंगे। अरविन्द बागडी ने बताया कि डॉ. धीरज मारोठी जैन पिछले 23 वर्षो में 25 हजार से अधिक मरीजों की जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी कर चुके हैं। जिन लोगों को घुटनों में जकडन, लगातार दर्द, सूजन एवं कुल्हे के घिसाव, घुटनों में टेढ़ापन, बैठने-उठने में परेशानी, कमर और कुल्हे में दर्द तथा मांसपेशियों में खिंचाव की परेशानी हो वे पलासिया स्थित तेरा पंथ भवन पहुंचकर डॉ. जैन की सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। जैन आज जोड़ प्रत्यारोपण से जुडी समस्याओं पर व्याख्यान भी देंगे। जैन का सम्मान भी किया जाएगा।

# अभिभावक बच्चों से संवाद करें और समय भी दें

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नेमीनगर जैन कालोनी में चल रहे चातुर्मास में आचार्य 108 सुनील सागर म.सा. प्रवचन की अमृत वर्षा कर रहे है। संत ने कहा कि हमारे पुराने संस्कार को अपनाया जाए तो पारिवारिक विवादों व वैवाहिक संबंधों में कटुता अपने आप समाप्त हो जाएगी।अभिभावक अपने बच्चों को समय दें, उनसे संवाद बनाए रखें व संस्कृति व संस्कारों की शिक्षा दी दें तो बच्चों के बिगड़ने व नशा करने की प्रवृत्ति का समाधान होगा। आजकल बच्चे मोबाइल का बेतहाशा व अनुचित उपयोग ही संस्कृति व संस्कारों को बर्बाद कर रहे है। टूटते परिवार, रिश्तों के आदर को खत्म कर मानव को एकल व अंतर्मुखी बना रहे है। इंद्रकुमार सेठी,संदीप गंगवाल, कैलाश लुहाड़िया, गिरीश पाटोदी सहित अन्य मौजूद थे।







# केन्द्रीय जेल के महिला वार्ड में धार्मिक आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** केन्द्रीय जेल के महिला वार्ड में शिवलिंग की स्थापना सावन मास में की गई थी। अब स्थापना दिवस पर हवन, रुद्राभिषेक के कार्यक्रम आयोजित किए गए। अधिकारी दिनेश नरगावे, इन्दरसिंह नागर, संतोषकुमार लड़िया एवं गायत्री परिवार के शशि चौहान, आशा गौड़, चन्द्रकान्ता भारती, सोनम बंडोरे सहायक जेल अधीक्षक तथा ड्यूटीरत् महिला प्रहरी मौजूद थी।

# गोगादेवजी के भक्तों का पौधारोपण और बैठक आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कर्मचारी कामगार संघ संगठन द्वारा लगातार पुरोधाओ की याद मे पौधा रोपने का काम किया जाता है। जुतालाल मास्टर 'बैरवा' एवं हीरालाल लाहोरे की पुण्यतिथि पर पौधारोपण किया गया और गोगादेव भक्तों की बैठक निगम कार्यालय पर आगामी गोगानवमी त्यौहार के लिए की गई। महेश गौहर, सूरज गौहर, सोनू तोमर, श्याम अजयपाल, रमेश कल्याणे, निकेता पहलवान, नितेश टांक, शकुन कलोसिया, सीमा नरवाले, लोकेश महेश्वरी, राजपाल मेलाने, श्याम शर्मा रानू सेन, जीतू बाबा, कालीचरण यादव, सौरभ डागर सहित अन्य मौजूद थे।





# मेनारिया ब्राह्मण समाज ने कराई ओंकारेश्वर यात्रा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मेनारिया ब्राह्मण समाज 52 श्रेणी ने ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग यात्रा 200 समाजजन श्रद्धालुओं को कराई। भगवान ओंकारजी-ममलेश्वर की पूजा आराधना की गई। माँ नर्मदा का पूजन किया।

# अग्रवाल की स्मृति में भजन संध्या होगी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री हरि नाम संकीर्तन मंडल द्वारा भजन गायक गोलोकवासी विनोद अग्रवाल की स्मृति में 16 अगस्त को गीता भवन पर भजन संध्या आयोजित होगी। इसमें साधु संतों के प्रवचन होंगे। विनोद अग्रवाल के शिष्य भजन गायक विवेक मेहता ने बताया कि हर वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी 16 अगस्त को आयोजित भजन संध्या में कईं संतों का आगमन होगा और संतों के आशीर्वचन होंगे। भगवान राधा कृष्ण का फूल बंगला सजेगा। कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो चुकी है। गायक विवेक मेहता भजनों की प्रस्तुति देंगे। बाहर से भी अग्रवाल के अनुयायी मौजूद रहेंगे।

# न्यू पलासिया धोबी घाट का होगा जीर्णोद्धार

## एक करोड़ रुपए खर्चकर होगा संपूर्ण नवीनीकरण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



विधानसभा पांच के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 43 से जुड़े न्यू पलासिया क्षेत्र में सालों पुराने धोबी घाट के जीर्णोद्धार और नवीनीकरण के लिए निगम द्वारा लगभग एक करोड रुपए के आसपास खर्च किए जाएंगे, जिसको लेकर तैयारियां भी शुरू हो गई है। पलासिया क्षेत्र के सालों पुराने धोबी घाट के नव निर्माण और विकास कार्य के लिए निगम द्वारा निविदा भी जारी कर दी गई है। बताया जा रहा है कि इस कार्य पर निगम द्वारा करीब छियानवे लाख सत्तर हजार रुपए के आसपास खर्च कर संपूर्ण धोबी घाट क्षेत्र का जीर्णोद्धार और नवीनीकरण कार्य शुरू किया जाएगा। जिससे क्षेत्र के रहवासी और घाट पर कार्य करने वाले लॉन्ड्री व्यापार करने वाले परिवारों और व्यापारियों को भी इससे सहूलियत और बड़ा फायदा होगा।

**छावनी, कर्बला मैदान, छत्रीबाग सहित अन्य जगह से हो रहा काम -** गौरतलब है कि वर्तमान में छावनी हाट मैदान, शंकर बाग, छत्रीबाग, कर्बला मैदान, मालवा मिल सहित कई जगह बड़े स्तर पर पुराने खाली मैदान में और घाट के पास धोबी घाट का अस्थाई निर्माण और नवीनीकरण किया जाता रहा है। पहली बार निगम द्वारा न्यू पलासिया क्षेत्र में सालों पुराने धोबी घाट क्षेत्र में विकास कार्य कर नवीनीकरण का कार्य कर घाट का विस्तारीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिस पर करीब 97 लाख रुपए के आसपास खर्च किए जाएंगे। जिसका बड़ा फायदा यहां रात-दिन काम करने वाले लॉन्ड्री वाले व्यापारियों को आने वाले दिनों में घाट के विस्तार और सौंदर्यकरण कार्य शुरू होने के बाद नजर आएगा।

# विभागीय भवनों में मिलेगी नवीन शौचालय की सौगात

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सक्षम आंगनवाड़ी पोषण 2 योजना के अंतर्गत नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में आने वाले विभागीय बाल भवनों में अब बेहद जल्द लाखों रुपए खर्चकर बच्चों के लिए सुविधाजनक बाल-अनुकूल आधुनिक शौचालयों का निर्माण कर छोटे बच्चों के लिए नई सौगात देने की तैयारी है। जिसको लेकर विभागीय तैयारी भी शुरू हो गई है। बताया जा रहा है इस काम के लिए निगम लाखों रुपये खर्चकर निर्माण कार्य भी बेहद जल्द टेंडर प्रक्रिया के बाद शुरू करेगा। जिसको लेकर विभागीय तैयारियां भी शुरू हो गई है।

**40 लाख खर्चकर होगा बाल अनुकूल शौचालयों का नव निर्माण**

**अभी बाल भवन और आंगनवाड़ी में नहीं है बाल शौचालय-** वही बड़ी बात यह है कि अभी आंगनबाड़ी और बाल भवनों में बच्चों के लिए अलग से बाल अनुकूल शौचालय की व्यवस्था नहीं है। जिसके कारण बच्चों को परेशानी होती है। बच्चों की इन्हीं परेशानी को ध्यान में रखते हुए अब आने वाले दिनों में आंगनवाड़ी और बाल भवन में बाल अनुकूल शौचालय का निर्माण पोषण 2 योजना के तहत बेहद जल्द शुरू किया जाएगा। इसको लेकर निविदा भी जारी हो गई है।



# खंडवा रोड़ को जोड़ने वाली सड़क का होगा उद्धार

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। राऊ विधानसभा के अंतर्गत शहरी क्षेत्र के वार्ड 77 से जुड़े तेजाजी नगर मुख्य मार्ग से भीतर तक के बड़े हिस्से में नई सीमेंटेड सड़क निर्माण कार्य के लिए निगम स्तर पर निर्माण कार्य के लिए तैयारी शुरू हो गई है। उक्त सड़क निर्माण कार्य के लिए निगम द्वारा करीब 22 लाख रुपए के आसपास खर्च किए जाएंगे। जिससे क्षेत्र के रहवासी परिवारों को कीचड़ और गंदगी से बड़ी राहत मिलेगी। गौरतलब है कि तेजाजी नगर क्षेत्र के रहवासी परिवार लंबे समय से क्षेत्रीय पार्षद प्रियंका चौहान और विधायक मधु वर्मा से उक्त जगह-जगह से खुदी ऊबड़ - खाबड़ सड़क के बजाय नई सीमेंटेड सड़क निर्माण कार्य की मांग कर रहे थे। जिसके लिए क्षेत्रीय पार्षद और विधायक के प्रयासों से निगम में लंबे समय से मंजूरी के लिए प्रस्तावित उक्त सड़क के निर्माण को लेकर अब मंजूरी मिलने के बाद अगले माह जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू करने को लेकर निगम ने अपनी ओर से प्लानिंग कर ली है। कहा जा रहा है कि बेहद जल्द काम भी शुरू हो जाएगा, जिससे क्षेत्र के रहवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

# गौशाला के लिए बनेगी करोड़ों की लागत से नई सड़क

## 2 किलोमीटर लंबी रोड निर्माण पर साढ़े 3 करोड रु. से ज्यादा होंगे खर्च

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत चित्तौड़ा ग्राम की गौशाला जाने वाले मुख्य मार्ग के करीब 2 किलोमीटर लंबी मुख्य सड़क का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा आने वाले दिनों में बेहद जल्द शुरू किया जाएगा। जिसको लेकर विभागीय तैयारी भी शुरू हो गई है। उक्त सड़क निर्माण कार्य पर पीडब्ल्यूडी द्वारा साढे तीन करोड रुपए से ज्यादा खर्च किए जाएंगे। साथ ही सड़क निर्माण के साथ सेंट्रल लाइटिंग और बिजली के पोल लगाने और उस पर लाइटिंग लगाने का कार्य भी किया जाएगा। यही नहीं ऊपर सड़क निर्माण का कार्य निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद बेहद जल्द शुरू करने की तैयारी है।



**नई सड़क से आसपास के आधा दर्जन गांवों के हजारों लोगों को फायदा -** वहीं बड़ी बात यह है कि चित्तौड़ा गांव की लगभग दो किमी लंबी मुख्य सड़क निर्माण कार्य के शुरू होने से आसपास के आधा दर्जन गांव के हजारों रहवासी परिवार को इसका सीधा फायदा मिलेगा। साथ ही इनका आवागमन भी पहले से सुगम और व्यवस्थित होगा। साथ ही रहवासियों के साथ यहां से रात दिन गुजरने वाले हजारों वाहन चालकों को भी नई सड़क बनने से बड़ी राहत मिलेगी। यही नहीं पहले से संकरी और आधी अधूरी सड़क की बजाय अब पहले से दुगनी चौड़ाई और लंबाई में करीब 2 किलोमीटर नई सीमेंटेड सड़क निर्माण से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। कहां जा रहा है कि अगले दो से तीन माह में जल्द नई सड़क का निर्माण कार्य जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

# सुभाष चौक पानी टंकी राम मंदिर से इमली बाजार चौराहे तक मिलेगी अब नई सड़क की सौगात



## डेढ़ करोड़ से ज्यादा की लागत से अगले माह में शुरू होगा काम

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। राम मंदिर सुभाष चौक पानी की टंकी पार्किंग से इमली बाजार चौराहे तक क्षेत्र के सैकड़ों रहवासी परिवार और यहां से रात-दिन गुजरने वालों की सुविधा के लिए आने वाले मानसून सीजन में निगम द्वारा जल्द लंबी-चौड़ी नई सीमेंटेड सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा। जिससे इमली बाजार चौराहा क्षेत्र से लेकर माणक चौक, बोहरा मस्जिद के साथ आसपास की अन्य गलियों और व्यापारिक क्षेत्र के लोगों को भी इस नई सीमेंटेड सड़क निर्माण और चौड़ीकरण से बड़ा फायदा होगा। भविष्य में लोगों को नई सड़क बनने से जाम और अन्य यातायात की समस्याओं से भी निजात मिलेगी। इसके अलावा बारिश के दौरान यहां सड़क पर अब कहीं भी जल जमाव एवं कीचड़ की समस्या से भी बड़ी राहत मिलेगी। जिसको लेकर निगम द्वारा सड़क निर्माण को लेकर बड़ी तैयारियां शुरू कर दी है।

**पिछले साल पुलिस चौकी से इमली बाजार चौराहा तक हुआ था चौड़ीकरण-** गौरतलब है कि पिछले साल राजवाड़ा के सामने पुलिस चौकी हनुमान मंदिर से लेकर इमली बाजार चौराहे तक सालों बाद संकरी सड़क की जगह नई सड़क निर्माण और चौड़ीकरण के तहत इस क्षेत्र के बड़े हिस्से में निगम द्वारा बाधक निर्माण हटाकर चौड़ीकरण का कार्य किया था। साथ ही जैन मंदिर पालीवाल धर्मशाला मां अन्नपूर्णा मंदिर से इमली बाजार चौराहे तक बड़े हिस्से में सड़क चौड़ीकरण के साथ सीमेंटेड सड़क का निर्माण कार्य किया था। वही अब राम मंदिर सुभाष चौक पानी की टंकी पार्किंग से लेकर इमली बाजार चौराहा माणक चौक बोहरा मस्जिद तक नई सीमेंट सड़क का निर्माण किया जा रहा है। क्षेत्र के हजारों रहवासी और व्यापारीबंधुओं को इस नई सड़क बनने से बड़ा फायदा मिलेगा।

# भमोरी में भी सड़क चौड़ी करने का काम शुरू

## दिन भर लगने वाले यातायात जाम से नागरिकों को दिलाएंगे मुक्ति

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नगर निगम के द्वारा भमोरी में भी सड़क को चौड़ा करने का काम शुरू कर दिया गया है। इस काम के परिणाम स्वरूप इस क्षेत्र में दिनभर लगने वाले यातायात जाम से नागरिकों को मुक्ति दिलाने की कोशिश की जाएगी। नगर निगम के द्वारा शहर में एक तरफ तो मास्टर प्लान की 23 सड़कों के निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही जहां पर यातायात की स्थिति ज्यादा खराब हो जाती है वहां पर लोगों को यातायात के जाम से मुक्ति दिलाने के लिए सड़क को चौड़ा करने का काम भी किया जा रहा है। इस कड़ी में नगर निगम के द्वारा अब भमोरी क्षेत्र में भी सड़क को चौड़ा करने का काम शुरू कर दिया गया है। निगम के अधिकारियों ने बताया कि पाटनीपुरा चौराहा से भमोरी की तरफ जाते हुए बड़ी संख्या में वाहन होटल सयाजी की तरफ जाते हैं। इस मार्ग पर हर दिन ही सुबह से लेकर शाम तक बार-बार जाम लगने की स्थिति बन जाती है। इसके पीछे कारण यह है कि यातायात के दबाव के हिसाब से वहां पर सड़क की चौड़ाई कम है। इस स्थिति को देखते हुए अब नगर निगम के द्वारा इसी स्थान पर भी सड़क की चौड़ाई को बढ़ाने का काम शुरू कर दिया गया है। यहां पर सड़क को चौड़ा करने के लिए कोई बड़े और पक्के निर्माण तोड़ने की स्थिति नहीं बनी है। लोगों के द्वारा टीन शेड लगाए हुए थे। उसे हटाकर नगर निगम के द्वारा सड़क को चौड़ा करने के लिए जगह हासिल कर ली गई है। इस स्थान पर अब तेज गति से सड़क निर्माण और चौड़ा करने का काम किया जा रहा है।

## संपादकीय

# क्या टकराव से पहले बात नहीं हो सकती थी?

एक स्वस्थ लोकतंत्र में सरकार की नीतियों पर सवाल उठाना और शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन नागरिकों का अधिकार होता है। सच यह है कि असहमति और उसकी शांतिपूर्ण अभिव्यक्ति से ही लोकतंत्र जीवन पाता है और मजबूत होता है। मगर कुछ मसलों पर सरकारी तंत्र का रुख कई बार इस हद तक उदासीन और उपेक्षापूर्ण हो जाता है कि आम लोगों को अपनी बात दर्ज करने के लिए आंदोलन एक जरूरी विकल्प लगने लगता है। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक रूप से उठता है कि अगर सरकार ने नीट प्रश्नपत्र लीक के मुद्दे पर उभरे विरोध के बाद समय रहते आंदोलनकारियों से संवाद का रास्ता अपनाया होता, तो क्या स्थिति को संभाला जा सकता था? आमतौर पर सरकार की ओर से टालमटोल के रवैये की वजह से ही संवादहीनता की स्थिति पैदा होती है और इसके बाद कभी-कभी आंदोलन की दिशा भी नियंत्रित नहीं रह पाती। हैरानी की बात यह है कि मतभेद या सवालों के सामने आने पर सरकार अपनी ओर से बातचीत में दिलचस्पी नहीं दिखाती, लेकिन जब लोग सड़क पर उतर जाते हैं, तब कथित हिंसा पर काबू पाने के नाम पर पुलिस के जरिए बलप्रयोग का सहारा लेने से भी नहीं हिचकती। दरअसल, नीट 2026 के प्रश्नपत्र लीक के मुद्दे पर विद्यार्थियों के आंदोलन के दौरान जो भी अराजकता और पुलिस की कार्रवाई देखने में आई, वह सरकार और आंदोलनकारियों के बीच संवादहीनता का ही नतीजा थी। इसी से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्त्वपूर्ण टिप्पणी की कि अगर कुछ गुमराह लोग पत्थरबाजी भी करते हैं, तो भी युवाओं को शांत करने और उनसे बातचीत करने की जरूरत है। गौरतलब है कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर पुलिस ने आंदोलनकारियों पर जिस तरह लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े, उस पर तीखे सवाल उठे। इसके बाद पुलिस की ओर से यह सफाई दी गई कि आंदोलनकारियों की भीड़ अराजक और हिंसक हो गई थी। सवाल है कि क्या सिर्फ इस दलील से प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस की सख्ती, बेरहमी और यहां तक कि कई छात्राओं के प्रति भी अफसोसनाक बर्ताव को उचित ठहराया जा सकता है? खबरें यहां तक आईं कि प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर 'पैलेट गन' भी चलाई गई, जिसका उपयोग हर लिहाज से गलत था। अव्वल तो इस स्थिति से बचने के लिए हर तरह के वैकल्पिक उपायों का सहारा लेने की जरूरत थी, लेकिन क्या यह नौबत सिर्फ संवाद की उपेक्षा करने या इसके प्रति उदासीन होने की वजह से ही नहीं आई? पुलिस की सख्ती सवालों के घेरे में आने के बाद मुद्दा जब राजनीतिक शक्ल अख्तियार करने लगा और विपक्षी दलों ने भी इस मसले पर आवाज उठाई, तब विद्यार्थियों की मांग के मुताबिक आखिर केंद्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा हुआ और आंदोलनकारियों से बातचीत भी की गई। संवाद के जरिए हल तक पहुंचने की कोशिश करने का जो काम सरकार ने स्थिति बिगड़ने के बाद किया, क्या वही वह प्रदर्शन के पहले नहीं कर सकती थी? क्या इसी अपरिपक्वता और समय पर बातचीत के तकाजे की अनदेखी का ही नतीजा नहीं था कि प्रदर्शनकारियों ने 'संसद मार्च' का आह्वान किया और फिर एक अप्रिय और दुखद स्थिति पैदा हुई? इस लिहाज से देखें, तो सुप्रीम कोर्ट ने जिस तरह संवाद को तरजीह देने पर जोर दिया है, वह दरअसल सबसे शुरुआती और लोकतांत्रिक तकाजा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार इसे एक सबक के तौर पर देखेगी।

# एसपी ने बदले 5 थानों के प्रभारी, 7 निरीक्षकों के हुए तबादले

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

देहात पुलिस में बड़ा फेरबदल किया गया है जिसके चलते 5 थानों में टीआई बदल दिए गए।एसपी द्वारा जारी की गई तबादला सूची में जिले के 7 थाना प्रभारी स्तर के अफसर प्रभावित हुए है। इस फेरबदल के अंतर्गत बेटमा, देपालपुर, महू, चंद्रावतीगंज और हातोद थाना प्रभारियों को बदला गया है, जबकि रक्षित केंद्र (पुलिस लाइन) में पदस्थ निरीक्षकों को भी थानों की कमान सौंपी गई है। एसपी देहात राजेंद्र कुमार वर्मा द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, थाना बेटमा प्रभारी मीना कर्णावत का तबादला कर उन्हें थाना देपालपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि देपालपुर थाने में पदस्थ रणजीत सिंह बघेल को स्थानांतरित कर थाना बेटमा का नया प्रभारी बनाया गया है। इसी क्रम में थाना महू के प्रभारी राहुल शर्मा को रक्षित केंद्र ग्रामीण भेजा गया है और उनके स्थान पर रक्षित केंद्र में पदस्थ पवन यादव को थाना महू का नया प्रभार दिया गया है। अन्य तबादलों में रक्षित केंद्र में पदस्थ शैलेंद्र मुकाती को थाना चंद्रावतीगंज का प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं थाना हातोद प्रभारी संगीता सोलंकी का तबादला रक्षित केंद्र किया गया है और उनके स्थान पर रक्षित केंद्र में पदस्थ कमलेश कुमार यादव को थाना हातोद की कमान सौंपी गई है। एसपी कार्यालय ने सभी स्थानांतरित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपने नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश जारी किए हैं।

# अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराई युवक की गई जान

**इंदौर। संयोगितागंज थाना क्षेत्र स्थित दवा बाजार के पास बीती रात एक तेज रफ्तार बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर बने पत्थर से जा टकराई। इस हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। संयोगितागंज पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।**

मृतक का नाम अंकुर पिता अशोक जिंदल (36) निवासी पटेल नगर है। बीती रात अंकुर अपनी बाइक से मधुमिलन चौराहे की ओर से गुजर रहा था, तभी दवा बाजार के समीप उसकी बाइक बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि अंकुर बाइक से उछलकर सड़क पर गिरा और लहूलुहान हो गया। मौके पर पहुंची डायल-112 की टीम ने उसे अस्पताल भिजवाया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# साड़ी व्यापारी दुकान में अचानक हुए बेसुध, अस्पताल ले जाते समय मौत, हार्ट अटैक की आशंका

इंदौर। तिलकपथ क्षेत्र स्थित साड़ी एवं कपड़ों की दुकान संचालित करने वाले एक व्यापारी की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो जाने का दुखद मामला सामने आया है। दुकान पर बैठे-बैठे अचानक बेसुध हुए व्यापारी को परिजन और आसपास के लोग तत्काल इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रथम दृष्टया मौत का कारण हार्ट अटैक माना जा रहा है।

गोविंद नगर खारचा निवासी कप्तान पिता संपत सिंह (60) की तिलकपथ इलाके में साड़ी और कपड़ों की दुकान है। रोज की तरह वे अपनी दुकान पर मौजूद थे, तभी कल शाम अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे वहीं बेसुध होकर गिर पड़े। दुकान पर मौजूद लोगों ने जब उन्हें अचेत अवस्था में देखा, तो उनके परिजनों को सूचित किया। इसके बाद परिजन और आसपास के व्यापारी उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## भगवान राम और अलीजा सरकार के मिलन के होंगे दर्शन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। कल सावन के दूसरे सोमवार को पंचकुइया रोड स्थित वीर अलीजा हनुमान मंदिर पर अलीजा सरकार का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। भगवान राम और हनुमानजी का मिलन स्वरूप में सुबह 7 बजे से विशेष दर्शन होंगे। शाम को आरती के बाद प्रसाद का वितरण होगा।

# साढ़े 3 लाख की चोरी का 24 दिन बाद भी पता नहीं

बदनावर/धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। धार जिले के बदनावर स्थित कानवन थाना क्षेत्र ग्राम बिड़वाल में नाकोड़ा किराना स्टोर में करीब साढ़े 3 लाख रु. से अधिक की चोरी हुई थी, चोरों ने नकबजनी करते हुए किराना सामग्री और नकदी पर हाथ साफ किया था। 24 दिनों के बाद भी कानवन पुलिस चोरों को पकड़ने में पीछे रही है। इस मामले में व्यापारियों ने विरोध भी जाहिर किया है और कहा कि गांव में आए दिन चोरियां हो रही है, इससे भय का माहौल है। व्यापारियों ने जल्द चोरी का खुलासा कर चोरों को पकड़ने की



मांग की है। फरियादी मनीष चांदमल नाहर ने बताया कि चोरी की घटना के वीडियो फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध करा दिए गए थे और जानकारी धार एसपी सचिन शर्मा के भी संज्ञान में हैं। व्यापारी संगठन के मनीष नाहर, फिरोज बोहरा, संतोष ढोलकिया, लालसिंह राठौर, रूपसिंह सिसोदिया, जितेंद्र जैन, मनीष सोलंकी, उमेश तारोदिया, तरुण नाहर, भूरू जैन आदि व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से चोरों को पकड़कर कार्रवाई की मांग की है। इधर पुलिस ने कहा कि जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

# चोरी की गाड़ियां काटकर बेचने वाले दो कबाड़ी गिरफ्तार

## 12 इंजन और कलपुर्जे जब्त

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर में अवैध गतिविधियों और संगठित अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत क्राइम ब्रांच इंदौर की टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने चोरी की गाड़ियाँ खरीदकर उनके पार्ट्स और इंजन अवैध रूप से बेचने वाले कबाड़ की दुकान चलाने वाले दो कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी की गाड़ियों के 12 इंजन और कई कलपुर्जे बरामद हुए हैं, जिनमें से तीन इंजनों के नंबर पहचान छिपाने की नीयत से घिसे गए थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



क्राइम ब्रांच की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दौलतगंज रानीपुरा स्थित एक कबाड़ की दुकान पर चोरी के दोपहिया वाहन खरीदकर उनके पार्ट्स व इंजन अलग-अलग कर अवैध रूप से बेचे जा रहे हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने दौलतगंज उर्दू मैदान रानीपुरा स्थित कबाड़ दुकान की घेराबंदी कर दबिश दी। मौके से दुकान संचालक अल्ताफ अंसारी और अरशद अंसारी को हिरासत में लिया गया। दुकान की तलाशी लेने पर पुलिस को मौके से चोरी के वाहनों के विभिन्न कलपुर्जे और 12 इंजन बरामद हुए। जब पुलिस ने इंजनों और वाहनों के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे, तो आरोपी कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। जब्त किए गए इंजनों और पार्ट्स की कुल अनुमानित कीमत करीब 3लाख रुपये आंकी गई है। आरोपियों का यह कृत्य संगठित रूप से चोरी के वाहनों का क्रय-विक्रय कर अवैध लाभ कमाने की श्रेणी में पाए जाने पर क्राइम ब्रांच धारा 314 , 317(2) और 112(1) बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर वाहन चोरी के पूरे नेटवर्क और चोरी की गाड़ियां सप्लाई करने वाले बदमाशों के संबंध में विस्तृत विवेचना कर रही है।

# विद्युत कटौती से परेशान रहवासी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पश्चिमी क्षेत्र के बिजासन रोड स्थित कालानी नगर के रहवासी राजेश गुप्ता ने बताया कि विगत 5 माह से कालानी नगर और आसपास की एक दर्जन कालोनी के रहवासी विद्युत मंडल की कटौती से परेशान है। आए दिन सुबह 2 से 3 घंटे की विद्युत कटौती होती है और दिन भर में कई बार दो-दो मिनट के लिए लाइट जाती है। विद्युत मंडल द्वारा ग्रुप में मैसेज डाल दिया जाता है कि बीएसएफ पानी टंकी के पास 11 केवी लाइन में फाल्ट होने से क्षेत्र में सप्लाई बंद रहेगी, कभी तो बिना किसी सूचना के लाइट बंद कर दी जाती है। जागरूक रहवासियों के द्वारा विद्युत विभाग के ऑफिस पर फोन लगाया जाता है तो फोन या तो व्यस्त आता है या फोन उठता नहीं है या बंद रहता है। अधिकारी तो कभी फोन उठाना उचित नहीं समझते हैं। गुप्ता ने विद्युत मंडल के एमडी से मांग की है कि कालानी नगर क्षेत्र में मेंटेनेंस के नाम पर लगातार हो रही विद्युत कटौती बंद की जाए।

# प्रमोद, संतोष, कुणाल, नीता, मनीषा अगले दौर मे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन के तत्वाधान में मध्य प्रदेश वेटरन्स कमेटी टेबल टेनिस संघ द्वारा आयोजित प्रथम एमपी मास्टर्स राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट में विभिन्न आयु वर्गो पुरुष वर्ग मे प्रमोद सोनी, संतोष कौशिक,कुणाल गजभिये, नवीन नातु महिला वर्ग मे नीता वैष्णव, मनीषा कटारिया ने अपने अपने मुकाबले जीते ।**



अभय प्रशाल में आयोजित इस स्पर्धा में पुरुष 40+ वर्ग में कुणाल गाजभिये ने अजीत मराठे को 3-1 से, नवीन नातू ने आदित्य राज सिंह को 3-0 से, कुणाल गाजभिये ने तुषार शर्मा को 3-0 से, सुशांत भारद्वाज ने प्रशांत पराशर को 3-2 से तथा आदित्य राज सिंह ने मिलिंद नाइक को 3-2 से पराजित किया।

पुरुष 45+ वर्ग में नितिन खाबिया ने मनीष जोशी को 3-0 से, मनीष जोशी ने ओ.एम. गुप्ता को 3-0 से, विशाल जोशी ने इरफान शेख को 3-0 से, राहुल जैन ने धीरज गंगवानी को 3-0 से तथा सुरेंद्र यादव ने इरफान शेख को 3-1 से हराया।

पुरुष 50+ वर्ग में अनिल जैन ने महांक भंडारी को 3-1 से तथा विवेक चौकसे ने प्रमोद यादव को 3-0 से पराजित किया। पुरुष 55+ वर्ग में प्रशांत महंत ने संतोष सिटोले को 3-1 से तथा मनोज सोनगरा ने राकेश पांडेय को 3-0 से हराया।

पुरुष 60+ वर्ग में संजय मोते ने नवीन जैन को 3-0 से तथा एस.टी. दहिबासे ने सतीश दुबे को 3-0 से शिकस्त दी। पुरुष 65+ वर्ग में मोहन पंडित ने वसंत तायड़े को 3-0 से तथा विभूति शर्मा ने अजीत माकड़ा को 3-0 से हराया। पुरुष 70+ वर्ग में संतोष कौशिक ने दिलीप नाजन को 3-0 से तथा प्रमोद सोनी ने अनिल कोठारी को 3-0 से पराजित किया।

वहीं महिला 40+ वर्ग में नीता वैष्णव ने अल्का कंजीलाल को 3-0 से तथा मनीषा काटारिया ने रश्मि सोनी को 3-1 से पराजित किया।

स्पर्धा का शुभारंभ बी.एस.एन.एल. इंदौर के प्रधान महाप्रबंधक पंकज उपाध्याय के मुख्य आतिथ्य एवं म.प्र. ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ । इस अवसर पर म.प्र. टेबल टेनिस संगठन के जयेश आचार्य, रिंकू आचार्य व नीलेश वेद विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन धर्म बंजारा ने किया व आभार अजय राजपूत ने माना ।

# बास्केटबॉल स्पर्धा रोमांचक दौर में पहुंची

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कॉरपोरेशन एरिया बास्केटबॉल ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित 14वीं लेट सुनीता सिंह मेमोरियल इंटर स्कूल बास्केटबॉल प्रतियोगिता के पांचवें दिन बालक एवं बालिका वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। स्थानीय बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स में आयोजित प्रतियोगिता के मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल, अनुशासन, टीमवर्क और खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचक मुकाबलों का आनंद दिया।



दिनभर खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने जीत के लिए जोरदार संघर्ष किया। कई मुकाबलों में दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली, वहीं कुछ मुकाबलों में विजेता टीमों ने शुरू से ही अपनी पकड़ मजबूत रखते हुए अगले दौर में प्रवेश किया।

बालक वर्ग में क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में एनी बेसेंट स्कूल ने चोइथराम इंटरनेशनल आईबी वर्ल्ड स्कूल को 33-12 से पराजित, माउंट इंडेक्स स्कूल ने एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल बी को 35-11 से, एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल ए ने सेंट पॉल स्कूल को 35-15 से , आर्मी पब्लिक स्कूल महू ने श्री सत्य साईं विद्या विहार को कड़े मुकाबले में 56-41 से हराया।

बालिका वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में भी जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। खिलाड़ियों ने शानदार डिफेंस और आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया।

एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल ए ने सेंट अर्नाल्ड स्कूल विजयनगर को 35-18 से , वहीं शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल बी को 42-16 से, एक बेहद रोमांचक मुकाबले में डीपीएस निपानिया ने एनडीपीएस को महज तीन अंकों के अंतर से 32-29 से पराजित किया। एक अन्य मुकाबले में श्री सत्य साईं विद्या विहार ने एमराल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल को 26-17 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। मुकाबलों में महेंद्र पाटीदार, अध्यक्ष सराफा ट्रस्ट एवं सराफा विद्या निकेतन तथा एसीपी संजू कमले अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत कॉरपोरेशन एरिया बास्केटबॉल ट्रस्ट के अध्यक्ष एस. के. बंडी, सचिव लक्ष्मीकांत पटेल, मध्य प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन के महासचिव अविनाश आनंद, ट्रस्टी सुनील हार्डिया, एवं कुलदीप हार्डिया ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर किया।

# वुशु प्रतियोगिता 11 से

**इंदौर ।** जिला शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित वुशु शालेय खेल जिला स्पर्धा का आयोजन स्थानीय संस्कृति हायर सेकेंडरी स्कूल भवानी नगर में 11 व 12 अगस्त को किया जा रहा है। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ी भाग लेंग। प्रतियोगिता में इच्छुक खिलाड़ी अपना नाम एवं वजन सुबह कल 11 से 3 के बीच में संयोजक अविनाश राठौर एवं विद्या दुबे को संस्कृति हायर सेकेंडरी स्कूल में लिखा सकते हैं । प्रतियोगिता राष्ट्रीय वशु संघ के नियम अनुसार खेली जाएगी । अधिक जानकारी के लिए विद्यालय में यशवंत मेवाड़ा से संपर्क करें। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका अशोक राठौड़, विद्या दुबे, अभिनव मंडलोई, सोनू जाटव, अविनाश राठौर, लियाकत मंसूरी करेंगे ।

# अब मल्हारगंज क्षेत्र से हुआ घी जब्त

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रशासन का खाद्य विभाग खाद्य सुरक्षा को लेकर लगातार अभियान चला रहा है और छापामार कार्रवाई भी हो रही है, निरीक्षण नमूने भी लिए जा रहे हैं, खासौतर से दूध और दूध से निर्मित खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता भी जांची जा रही है। अभियान के दौरान बाहरी राज्यों से आने वाले कुछ घी ब्रांडों के नमूने अमानक पाए जाने पर आयुक्त, खाद्य सुरक्षा, मध्यप्रदेश द्वारा संबंधित ब्रांडों के विरुद्ध विशेष नमूना कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा प्रशासन, जिला इंदौर के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा मेसर्स अक्षत फूड्स, 111 मल्हारगंज मेन रोड, इंदौर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान पर विभिन्न ब्रांड के घी का विक्रय किया जाना पाया गया। मौके से दीनदयाल देशी घी, पशुधन प्रीमियम घी एवं मक्सी फ्रेश प्रीमियम घी के नमूने जांच हेतु लिए गए। साथ ही उक्त तीनों खाद्य पदार्थों का शेष स्टॉक, जिसकी कुल मात्रा लगभग 267 किलोग्राम एवं अनुमानित कीमत लगभग एक 60 हजार है, को खाद्य पदार्थों की विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त होने तक जब्त किया गया। अतुल उद्योग का निरीक्षण कर जलजीरा मसाला जांच में लिया गया। वहीं वासुदेव मूलचंद, सियागंज, इंदौर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोधरा सहकार एवं अंजनी ब्रांड के घी के कुल 3 नमूने जांच हेतु लिए गए। सभी नमूने भोपाल प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे जाएंगे।

## दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी के पिता का निधन

**नई दिल्ली ।** विश्व फुटबॉल के महान खिलाड़ियों में शामिल लियोनेल मेसी के पिता जॉर्ज मेसी का 68 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह लंबे समय से बीमारी से जूझ रहे थे। शुक्रवार को अर्जेंटीना के रोसारियो शहर के एक अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। जून में खेले गए फीफा विश्व कप के दौरान मेसी परिवार ने बताया था कि जॉर्ज मेसी बीमार चल रहे हैं। हालांकि उनकी बीमारी के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी गई थी।

# शोभित-तिविशा ने जीते बैडमिंटन खिताब

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

द एमराल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल में आयोजित अंतरशालेय अंडर-14 बालक एवं बालिका बैडमिंटन चयन प्रतियोगिता का समापन रोमांचक फाइनल मुकाबलों के साथ हुआ। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। बालक वर्ग में विद्या विजय बाल मंदिर के शोभित गुप्ता और बालिका वर्ग में द वेदांश इंटरनेशनल स्कूल कैंपस-2 की तिविशा जैन चैंपियन बनीं। प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर इंदौर जिले की अंडर-14 बालक एवं बालिका टीम का चयन भी किया गया।



अंडर-14 बालक वर्ग के फाइनल में शोभित गुप्ता और सेंट जोसेफ स्कूल के अवनीश नेकीय के बीच कांटे का मुकाबला हुआ। शोभित ने पहला गेम 15-8 से जीतकर बढ़त बनाई, लेकिन अवनीश ने दूसरे गेम में वापसी करते हुए 15-9 से मुकाबला बराबर कर दिया। निर्णायक गेम में शोभित ने शानदार खेल दिखाते हुए 15-10 से जीत दर्ज की और खिताब अपने नाम किया।

बालिका वर्ग के फाइनल में तिविशा जैन ने श्री सत्य साईं विद्या विहार, इंदौर की मांडवी गांधी को 2-0 से हराया। दोनों गेम में मुकाबला बेहद करीबी रहा। तिविशा ने पहला गेम 15-12 और दूसरा गेम 15-14 से अपने नाम किया।

इस चयन प्रतियोगिता में इंदौर के विभिन्न स्कूलों के अंडर-14 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। मुकाबलों के दौरान खिलाड़ियों ने तकनीक, फिटनेस और कोर्ट पर संयम का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के आधार पर चयनित टीम अब आगामी शालेय प्रतियोगिताओं में इंदौर जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।



# सृष्टि सिसौदिया ने जीता स्वर्ण पदक

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

भगवती कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल हातोद कक्षा 8वीं की छात्रा सृष्टि सिसौदिया ने आयोजित एसजीएफआई इंटर स्कूल ड्रैा स्टाइल कुश्ती जिलास्तरीय प्रतियोगिता में जोरदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि पर स्कूल के संचालक पुलक गुप्ता, प्राचार्या मनीषा होल्कर, उपप्राचार्या कीर्ति राठौर, विकास केशवाल व अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# फुटबॉल स्पर्धा में 40 से ज्यादा टीमें कर रही शिरकत



**इंदौर** । डेली कॉलेज, इंदौर में 40वीं बॉयज़ एवं 5वीं गर्ल्स इंटर-स्कूल इनविटेशनल कसलीवाल ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता-2026 इस वर्ष कई नए कीर्तिमान स्थापित करने जा रही है। फुटबॉल के प्रति जुनून, खेल भावना और प्रतिस्पर्धात्मक उत्कृष्टता का यह वार्षिक आयोजन देश के विभिन्न विद्यालयों को एक मंच पर लाएगा। डेली कॉलेज की प्राचार्या डॉ. गुनमीत बिंद्रा ने प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। कसलीवाल ट्रॉफी की 40वीं बॉयज़ प्रतियोगिता में इस वर्ष 40 विद्यालयों की टीमें भाग ले रही हैं, जबकि 5वीं गर्ल्स प्रतियोगिता में 22 टीमें मैदान पर उतरेंगी। दोनों प्रतियोगिताओं में कुल 149 मुकाबले खेले जाएंगे, जो इस आयोजन के इतिहास में एक नया रिकॉर्ड होगा । इस वर्ष प्रतियोगिता में 17 नए विद्यालयों की भागीदारी भी विशेष आकर्षण का केंद्र है । इससे कसलीवाल ट्रॉफी की व्यापक स्वीकार्यता और निरंतर बढ़ती लोकप्रियता का पता चलता है ।

# वेस्ट जोन शॉटगन शूटिंग चैंपियनशिप में इंदौर के शूटर्स का शानदार प्रदर्शन

**इंदौर।** भोपाल में आयोजित 13वीं वेस्ट ज़ोन शॉटगन शूटिंग चैंपियनशिप में 6 राज्यों के 200 से अधिक निशानेबाजों ने भाग लिया। इनमें इंदौर की वीर रायफ़ल शूटिंग सोसायटी के शूटर्स ने भी भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। सोसायटी के कोच सतीश शर्मा के मार्गदर्शन में इंद्र विक्रम सिंह बैस ने डबल ट्रैप मास्टर मैन्स केटेगरी में स्वर्ण पदक जीता और रूद्र प्रताप सिंह राठोर और वीरहंस शर्मा ने भी डबल ट्रैप इवेंट में नेशनल के लिए क्वालीफाई किया। इस तरह वीर रायफल शूटिंग सोसायटी के शूटर्स को मिली सफलता पर एमपी स्टेट रायफल एसोसिएशन के सचिव राकेश गुप्ता ने सभी शूटर्स को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए हरसंभव सहयोग का संकल्प व्यक्त किया है।



# रहाणे भी आए रोहित के समर्थन में कहा सेलेक्टर्स को स्पष्ट करना चाहिए

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज ओपनिंग बल्लेबाज रोहित शर्मा के 2027 वनडे वर्ल्ड कप में खेलने को लेकर चर्चाएं तेज हैं। लगातार उठ रहे सवालों के बीच पूर्व क्रिकेटर अजिंक्य रहाणे रोहित के समर्थन में उतर आए हैं और उन्होंने सेलेक्टर्स को इस विषय पर स्पष्ट रुख अपनाने की सलाह दी है। रोहित शर्मा का बल्ला पिछले कुछ समय से वनडे फॉर्मेट में लगातार रन उगल रहा है। अक्टूबर 2025 के बाद से खेले गए 15 मुकाबलों में उनके बल्ले से दो बार 120 से अधिक रनों की पारियां और चार बार 70 से ज्यादा रन निकले हैं। हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर लॉर्ड्स के मैदान पर खेली गई 138 रनों की शतकीय पारी से उन्होंने अपनी



क्षमता का एक बार फिर लोहा मनवाया है।

भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने द इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में कहा, 'मुझे लगता है कि रोहित शर्मा को यह स्पष्ट रूप से बता देना बेहद जरूरी है कि वह 2027 का वर्ल्ड कप खेलने जा रहे हैं। इतने सालों में उनका योगदान अद्भुत रहा है इसलिए वर्ल्ड कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में उनके जैसे अनुभवी खिलाड़ी की बहुत जरूरत है।'

रहाणे का मानना है कि रोहित जैसे स्तर के खिलाड़ी के भविष्य को लेकर हर सीरीज के बाद नए सिरे से चर्चा होना सही नहीं है। उन्होंने मैनेजमेंट पर जोर देते हुए कहा, 'इस विषय पर तो बहस होनी ही नहीं चाहिए। यदि आप एक बार कह देते हैं कि 'रोहित शर्मा, आप खेलने वाले हैं' तो बात वहीं खत्म हो जाती है। आप सीरीज-दर-सीरीज फैसला नहीं ले सकते क्योंकि वह बहुत बड़े खिलाड़ी हैं।'

खिलाड़ी की मानसिकता और लय का जिक्र करते हुए रहाणे ने कहा, 'अगर दिमाग शांत और तनावमुक्त रहेगा, तो खिलाड़ी खुलकर अपनी स्वाभाविक लय में खेल पाएगा। रोहित की काबिलियत पर किसी को बोलने की जरूरत नहीं है। अगर वह 2027 का विश्व कप खेलना चाहते हैं तो उन्हें बिल्कुल खेलना चाहिए।'

# जडेजा की हरकत पर गौतम गंभीर को आई जोर से हंसी

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

कोलंबो में श्रीलंका क्रिकेट 11 के खिलाफ खेले जा रहे तीन दिवसीय अभ्यास मैच के दूसरे दिन भारतीय टीम के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा का एक मजेदार अंदाज देखने को मिला। जडेजा अपने साथी गेंदबाज कुलदीप यादव के बॉलिंग एक्शन की नकल उतारते नजर आए। उनके इस अंदाज को देखकर ड्रेसिंग रूम में बैठे मुख्य कोच गौतम गंभीर भी अपनी हंसी नहीं रोक सके। कमेंटेटर्स ने भी जडेजा के इस रूप और कुलदीप के रनअप की सटीक नकल पर जमकर चुटकियां लीं।



जडेजा के इस मजेदार अंदाज ने श्रीलंका के खिलाफ अभ्यास मैच के दूसरे दिन मैदान का माहौल पूरी तरह खुशनुमा बना दिया। डगआउट में जब जडेजा ने अचानक अपने साथी स्पिनर कुलदीप यादव के बॉलिंग एक्शन और उनके चेहरे के भावों की हूबहू नकल उतारी तो वहां मौजूद कोच गौतम गंभीर अपनी हंसी पर काबू नहीं रख पाए और ठहाके लगाकर हंस पड़े।

मैच की बात करें तो बाएं हाथ के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल ने शानदार शतक जड़कर पहले टेस्ट मैच की अंतिम एकादश में अपनी दावेदारी पूरी तरह मजबूत कर ली है। चोटिल साई सुदर्शन की अनुपस्थिति में नंबर 3 पर बल्लेबाजी करने उतरे पडिक्कल ने 18 चौकों की मदद से नाबाद 142 रनों की कलात्मक पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने मैदान के चारों तरफ कमाल के शॉट्स लगाए।

टॉप ऑर्डर में ओपनिंग बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल दिन की दूसरी ही गेंद पर शून्य पर पवेलियन लौट गए लेकिन इसके बाद पडिक्कल ने केएल राहुल (40 रन) के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 96 रनों की उपयोगी साझेदारी की। राहुल के आउट होने के बाद अनुभवी रविंद्र जडेजा ने पडिक्कल का बेहतरीन साथ निभाया। बल्लेबाजी में शानदार लय दिखाते हुए जडेजा ने 63 रनों की जुझारू पारी खेली और रिटायर्ड आउट होने से पहले तीसरे विकेट के लिए 72 रन जोड़े।

# जूनियर टेनिस टूर्नामेंट में विवान, अर्जुन, अदविक क्वालीफाइंग फाइनल राउंड में

**इंदौर।** मध्य प्रदेश टेनिस संघ के तत्वाधान में इंदौर टेनिस क्लब में आयोजित की जा रही हरिसन्स् डेवलपर्स प्रा. लि. अखिल भारतीय चैम्पियनशिप सीरीज जूनियर टेनिस टूर्नामेंट में खेले गए क्वालीफाइंग राउण्ड में बालक वर्ग-12 वर्ष आयु से मध्यप्रदेश के विवान त्रिवेदी, अर्जुन कचोलिया एवं अदविक गोयल ने क्वालीफाइंग फाइनल राउंड में प्रवेश कर लिया है । बालक वर्ग-12 वर्ष आयु के क्वालीफाइंग राउंड में विवान त्रिवेदी (म.प्र.) ने हितकृत रांका (म.प्र.) 9-7 से, अर्जुन कचोलिया (म.प्र.) ने अयान अरोरा (म.प्र.) को 9-3 से, अदविक गोयल (म.प्र.) ने माधव शर्मा (म.प्र.) को 9-1 से, ईशान शर्मा (म.प्र.) ने वीर प्रताप खड़े (म.प्र.) को 9-1 से, रेयान बधवार (दिल्ली.) ने अभ्यूदय पालीवाल (म.प्र.) को 9-2 से, प्रतिक खण्डेलवाल (महा.) ने आरव जैन (म.प्र.) को 9-5 से, जानव अग्रवाल (महा.) ने समवर्ध सोनी (म.प्र.) को 9-2 से, क्रियांन बंसल (म.प्र.) ने जय काशिद (महा.) को 9-0 से, दिव्येश अमोदे (महा.) ने रेयांश मसंद (म.प्र.) को 9-1 से, समवेद जोशी (म.प्र.) ने अवि सूद (महा.) को 9-2 से , अक्षज कुमार (म.प्र.) ने यशवीर राजपूत (म.प्र.) को 9-2 से पराजित किया।



# आशीष लकड़ी का भाला बनाकर सूखे तालाब में करते थे प्रैक्टिस, अब जीता सिल्वर मेडल

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

वर्ल्ड एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप में भारत के लिए आशीष यादव ने भाला फेंक इवेंट में सिल्वर मेडल जीता। उनका बेस्ट थ्रो 74.09 मीटर का था। इस चैंपियनशिप में नीरज चोपड़ा के बाद वह भाला फेंक में मेडल जीतने वाले सिर्फ दूसरे एथलीट हैं। 19 साल के आशीष यूपी के मिर्जापुर जिले के मवैया के रहने वाले हैं। उन्होंने भाला फेंक में करियर बनाने के लिए काफी स्ट्रगल किया है। ट्रेनिंग करने के वह काफी खतरा उठाते थे लेकिन इसके बाद भी नीरज चोपड़ा के नक्शेकदम पर चलना चाहते थे।



लकड़ी के भाले से सूखे तालाब में आशीष प्रैक्टिस किया करते थे। उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस से कहा, 'घर से लगभग 2 किलोमीटर दूर एक तालाब था जो सूख जाता था। वहां मैं लकड़ी का भाला बिना इस चिंता के फेंक सकता था कि वह किसी को लग जाएगा। लेकिन वहां खतरा भी था क्योंकि कुछ जगहें दलदल जैसी थीं। हर साल बच्चों के कीचड़ में धंसने की घटनाएं होती थीं। कुछ बच्चों की मौत भी हो गई थी। जब मेरे परिवार को पता चला कि मैं कहां ट्रेनिंग कर रहा हूं, तो मुझे कई बार मार भी पड़ी। लेकिन मैं हमेशा सावधान रहता था। तालाब के पास एक शिवजी का मंदिर था, इसलिए मुझे यकीन था कि मेरी रक्षा होगी। मिर्जापुर या मेरे गांव में कोई सही मैदान नहीं था। मुझे कहीं न कहीं से तो शुरुआत करनी ही थी।'

दो साल पहले आशीष को इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के जॉइंट सेंटर में ट्रेनिंग के लिए चुना गया था। तब उनका वजन सिर्फ 70 किलो था और लंबाई 6 फीट एक इंच। इसकी वजह से उन्हें अंडरवेट कैटेगरी में डाल दिया गया था। लेकिन कोच अरविंद कुमार ने उनमें काबिलियत दिखी और अब उन्होंने भारत के लिए मेडल जीत लिया है। आशीष के पिता का दूध का बिजनेस है। वह पहले खेल को लेकर सीरियस नहीं थे और पिता की काम में मदद करते थे। उन्होंने कहा, '17 साल की उम्र तक मैं अपने पिता की मदद करता था, जो दूध बेचने का काम करते हैं। 10 साल की उम्र से ही मैं अपने गांव और उसके आस-पास के घरों में जाकर गाय और भैंस का दूध निकालता था। मेरे पिता उस दूध को बेचते थे।' 19 साल के आशीष यादव का प्रदर्शन इसलिए भी खास है क्योंकि घुटने की इंजरी के कारण उन्हें प्रैक्टिस का ज्यादा मौका नहीं मिला। हांगकांग में अंडर-20 एशियन चैंपियनशिप में पांचवें स्थान पर रहने की निराशा से भी वे मानसिक रूप से परेशान थे। वहां वह वीजा की दिक्कतों के कारण वे देर से पहुंचे थे। उन्हें शाकाहारी खाने के लिए भी चुनौतियों से जूझना पड़ा था।

# भू-माफिया फारुख उर्फ लंबू 3 महीने के लिए जिलाबदर

## पुलिस ने लाउडस्पीकर से कराई मुनादी, परिजनों को थमाया आदेश

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

हर में आपराधिक गतिविधियों और अवैध कब्जों में संलिप्त बदमाशों के खिलाफ पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में पुलिस आयुक्त द्वारा चंदन नगर क्षेत्र के कुख्यात बदमाश और भू-माफिया के खिलाफ म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत तीन महीने की अवधि के लिए जिलाबदर का आदेश जारी किया गया है। कार्रवाई के तहत पुलिस ने क्षेत्र में लाउडस्पीकर के माध्यम से मुनादी करवाकर आम जनता को सूचित किया।



पुलिस के अनुसार, चंदन नगर निवासी आपराधिक छवि के बदमाश और भू-माफिया फारुख उर्फ लंबू पिता नूर मोहम्मद के खिलाफ विभिन्न थानों में कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। लगातार मिल रही शिकायतों और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त इंदौर द्वारा आरोपी फारुख को 3 माह की अवधि के लिए इंदौर सहित उससे लगे सीमावर्ती जिलों देवास, धार, खरगोन और उज्जैन की सीमाओं से जिलाबदर करने के आदेश जारी किए गए हैं। आदेश जारी होने के बाद थाना चंदन नगर पुलिस की टीम ने बदमाश के निवास क्षेत्र में पहुंचकर लाउडस्पीकर के जरिए सार्वजनिक रूप से आदेश को पढ़कर सुनाया। पुलिस ने भू-माफिया के परिजनों और आसपास के रहवासियों को जिलाबदर के आदेश से अवगत कराया। इसके साथ ही पुलिस ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि यदि उक्त आरोपी निष्कासन अवधि के दौरान इंदौर या आसपास के प्रतिबंधित जिलों में कहीं भी दिखाई देता है, तो उसकी सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाने या चंदन नगर पुलिस को दें।

# बायपास पर कार सवार बदमाशों का उत्पात.. राड-डंडों से हमला कर कार और मोबाइल लूटे

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

शिप्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत बायपास रोड स्थित सुल्लाखेड़ी ब्रिज पर देर रात कार सवार बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। हथियारबंद 5 अज्ञान बदमाशों ने एक कार को रोककर लोहे की राड और डंडों से तोड़फोड़ करते हुए सवार युवकों पर जानलेवा हमला कर दिया। इसके बाद आरोपी घायलों के मोबाइल, चाबी और कार छीनकर रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने अज्ञात कार सवारों के खिलाफ लूट व हमले का केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, गांधी नगर निवासी विनोद रघुवंशी की शिकायत पर अज्ञात कार चालक व उसके 4 साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। विनोद ने बताया कि सुल्लाखेड़ी ब्रिज पर छत्तीसगढ़ पासिंग (सीजी-07) कार में आए बदमाशों ने दीपक और लोकेश की कार को रोका। आरोपियों ने कार के कांच फोड़ दिए और दीपक व लोकेश के पैरों पर राड से हमला कर घायल कर दिया। इसके बाद बदमाश दोनों के मोबाइल, कार की चाबी और गाड़ी लूटकर भाग निकले। पीछा करने पर आरोपियों ने हथियार लहराकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालकर बदमाशों की तलाश कर रही है।

**सुल्लाखेड़ी ब्रिज पर देर रात वारदात, दो लोग घायल, छत्तीसगढ़ पासिंग कार से आए थे 5 हमलावर**

# उषाराजे ऊर्जा पेट्रोल पंप पर गबन

## कर्मचारी ने हड़पा 90 हजार रुपये का कलेक्शन

**इंदौर।** अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र स्थित उषाराजे ऊर्जा इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर अमानत में खयानत और गबन की वारदात सामने आई है। पंप पर कार्यरत एक कर्मचारी ने धोखाधड़ी की नीयत से बिक्री कलेक्शन के करीब 90 हजार हड़प लिए और चंपत हो गया। अन्नपूर्णा थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी कर्मचारी के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, लाल बहादुर शास्त्री नगर निवासी आशीष चौहान ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। आशीष ने बताया कि महूनाका चौराहे के पास स्थित पेट्रोल पंप पर यूपी निवासी विजय सिंह हाल निवासी अन्नपूर्णा कार्यरत था। बीते दिनों जब दैनिक बिक्री की राशि का हिसाब मिलाया गया, तो उसमें भारी अंतर पाया गया। पड़ताल में खुलासा हुआ कि विजय ने पेट्रोल बिक्री के कुल 90 हजार अपने पास रख लिए और बिना जमा कराए गबन कर लिया।

# घर से निकले नाबालिग को 3 दिन में ढूंढ निकाला

## *कंप्यूटर सीखने का बोलकर गया था ध्रुव,चंद्रावतीगंज पुलिस ने रतलाम रेलवे स्टेशन से सकुशल ढूंढा*

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।**

चंद्रावतीगंज थाना पुलिस ने मुस्तैदी और त्वरित कार्रवाई का परिचय देते हुए घर से लापता हुए एक नाबालिग बालक को महज तीन दिनों के भीतर सकुशल ढूंढकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। कंप्यूटर सीखने का कहकर निकला बालक जब घर वापस नहीं लौटा, तो पुलिस ने तुरंत टीम गठित कर सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर तलाश शुरू की और रतलाम रेलवे स्टेशन से बालक को सकुशल बरामद कर लिया।



पुलिस के अनुसार, गत 5 अगस्त की सुबह करीब 8 बजे नाबालिग बालक ध्रुव घर से कंप्यूटर कोचिंग जाने का बोलकर निकला था। अगले दिन तक भी जब वह वापस नहीं लौटा, तो चिंतित परिजन संतोष ने 6 अगस्त को चंद्रावतीगंज थाने पहुँचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अपराध दर्ज किया और थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेषटीम का गठन किया। पुलिस टीम ने तुरंत बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और संभावित मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसी दौरान मुखबिर और तकनीकी टीम के माध्यम से सूचना मिली कि रतलाम रेलवे स्टेशन पर एक बालक लावारिस हालत में घूम रहा है। सूचना मिलते ही चंद्रावतीगंज पुलिस की टीम ने बिना वक्त गंवाए रतलाम पहुँचकर ध्रुव को सकुशल ढूंढकर लिया और थाने लाकर वैधानिक कार्रवाई के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# फाइनेंस गाड़ी के विवाद में मारपीट

**इंदौर।** बेटमा थाना क्षेत्र के ग्राम मेठवाड़ा में फाइनेंस गाड़ी को लेकर हुए विवाद में तीन आरोपियों ने एक युवक के साथ जमकर मारपीट कर दी। आरोपियों ने पीड़ित को गालियां देते हुए लात-घूंसों से पीटा और जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग निकले। पीड़ित की शिकायत पर बेटमा थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, घटना ग्राम मेठवाड़ा में माता जी मंदिर के सामने स्थित एक गराज के पास की है। फरियादी मनोज पिता भागीरथ पटेल ने बेटमा थाने में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह गराज में खड़ी एक फाइनेंस गाड़ी के संबंध में बात करने के लिए वहां गया हुआ था। बातचीत के दौरान ही आरोपियों के साथ उसका विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी मंजूर पिता नियामत शाह निवासी बड़ी बगदुन, राज पिता सोहन परमार निवासी सलकनपुर और उनके साथी नितेश ने फरियादी को गालियां देना शुरू कर दिया। जब पीड़ित ने गाली-गलौज का विरोध किया, तो तीनों आरोपियों ने उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी और जाते-जाते जान से मारने की धमकी दी।

# डर दिखाकर 25 हजार की ठगी

## यूपी का रहने वाला है पीड़ित, ऑनलाइन डरा-धमकाकर जालसाज ने ऐंठी रकम

**इंदौर।** तुकोगंज थाना क्षेत्र में साइबर ठगी की एक नई वारदात सामने आई है, जहाँ एक अज्ञात जालसाज ने युवक को ऑनलाइन माध्यम से डरा-धमकाकर और नुकसान पहुँचाने का भय दिखाकर 25 हजार हड़प लिए। धोखाधड़ी का अहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। तुकोगंज पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मूल रूप से बांदा उत्तर प्रदेश निवासी प्रद्युम्न नारायण हाल निवासी साउथ तुकोगंज ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने ऑनलाइन संपर्क कर उसे डराया-धमकाया व्यक्तिगत नुकसान का भय दिखाकर धोखे से 25हजार की राशि ऐंठ ली। तुकोगंज पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर साइबर सेल की मदद से आरोपी के नंबर और बैंक खातों की जांच शुरू कर दी है।

# दोस्त का पता न बताने पर युवक को डंडे से पीटा

**इंदौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र में बाइक सवार तीन युवकों ने एक युवक को जबरन अपने साथ ले जाने की कोशिश की। पीड़ित द्वारा बाइक पर बैठने से मना करने और दोस्त का पता न बताने पर बदमाशों ने डंडे और हाथ-घूंसे से उसकी धुनाई कर दी। हीरानगर पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी और उसके दो साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, भोजराज स्कूल के पास गली नंबर 3 निवासी मनीष अहिरवार ने शिकायत दर्ज कराई है। मनीष ने बताया कि गौरी नगर निवासी विशाल अपने दो साथियों के साथ बाइक से आया और उस पर साथ चलने का दबाव बनाने लगा। मना करने पर आरोपियों ने उसके दोस्त आकाश के बारे में पूछा। आकाश का पता बताने से भी इनकार करने पर विशाल भड़क गया और बाइक से डंडा निकालकर मारपीट शुरू कर दी। उसके साथियों ने भी हाथ-घूंसे चलाए। शोर सुनकर लोगों को आता देख आरोपी धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# खेत की मेड़ से चारा काटने को लेकर खूनी संघर्ष

**इंदौर।** चंद्रावतीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रंगकराडिया में खेत की मेड़ से चारा काटने की मामूली सी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने लाठी-डंडों से हमला कर दूसरे पक्ष को घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर महिला सहित पाँच आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ग्राम रंगकराडिया निवासी शाहरूख पिता भुरू पटेल की शिकायत पर आरोपी नौशाद, निजाम, शाहरूख पिता आसम, मंसूर और फरजाना के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फरियादी शाहरूख ने बताया कि घर के सामने खेत की मेड़ से चारा काटने की बात पर आरोपियों ने बहस शुरू कर दी और देखते ही देखते डंडों से हमला कर दिया।

**पड़ोसियों ने डंडों से किया हमला, 5 पर केस दर्ज**

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।